# यात्रा मार्ग पर घोड़ा-खच्चरों का संचालन सबसे बड़ी चुनौती : डीएम



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : आगामी वर्ष 2023 की श्री केदारनाथ धाम की यात्रा को सफलता पूर्वक संचालन कराने के लिए यात्रा से जुड़े अधिकारियों द्वारा की जाने वाली तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला कार्यालय एनआईसी कक्ष में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की गई। डीएम ने सभी आवश्यक तैयारियां एवं व्यवस्थाएं समय से पूरी करने को कहा।

जिलाधिकारी ने पशु पालन विभाग को यात्रा शुरु होने से पहले जिला पंचायत के साथ मिलकर घोड़ा-खच्चरों के पंजीकरण एवं संचालन के लिए एसओपी (गाइडलाइन) तैयार करने के निर्देश दिए। कहा कि यात्रा मार्ग पर घोड़ा-खच्चरों का संचालन सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। उन्होंने कहा कि संचालित होने वाले घोड़े-खच्चरों एवं डंडी कंडी सभी के यूनिक कार्ड तैयार करें।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी बीती यात्रा से अनुभव लेते हुए तैयारियों को अंमित रूप दें, ताकि समय से यात्रा के सफल संचालन के लिए आवश्यक रूपरेखा तैयार की जा सके। उन्होंने केदारनाथ धाम एवं यात्रा मार्ग में तैनात किए जाने वाले डॉक्टरों एवं स्टाफ को उचित ट्रेनिंग दिए जाने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ट्रेनिंग मॉडल 15 फरवरी तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने को कहा, ताकि ट्रेनिंग मॉडल को स्वास्थ्य निदेशालय को प्रेषित किया जा सके। उन्होंने उरेडा, जल एवं विद्युत विभाग को मार्ग पर घोड़ा-खच्चरों के लिए गरम पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाने को भी कहा। उन्होंने कहा कि यात्रा में स्वच्छता बनाए रखना बड़ी चुनौती का काम होगा, पिछले वर्ष करीब 16 लाख लोगों ने बाबा केदार के दर्शन किए हैं, आगामी यात्रा में और अधिक संख्या में श्रद्धालु आने की उम्मीद है। ऐसे में पैदल मार्ग पर लगातार सफाई कार्मिकों एवं शौचालयों की नियमित सफाई के लिए भी उचित व्यवस्था करें। उन्होंने परिवहन विभाग को शटर व्यवस्था को सुव्यवस्थित ढंग से संचालन करने के लिए एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे, मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मार्तोलिया, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत, अधिशासी अभियंता डीडीएमए प्रवीण कर्णवाल, लोनिवि जेएस रावत, ग्रामीण निर्माण विभाग हितेश पाल सिंह, विद्युत मनोज कुमार, जल संस्थान संजय सिंह, पुलिस उपाधीक्षक विमल रावत, आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# कोरोना के लक्षण दिखने पर तत्काल जांच कराएं



**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : भारत सरकार एवं राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जनपद चमोली में कोविड-19 से बचाव, नियंत्रण एवं तैयारियों हेतु जिला चिकित्सालय, उप जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. अलिन्द पोखरियाल ने बताया कि मॉक ड्रिल के दौरान आक्सीजन जनरेशन प्लांट, ऑक्सीजन कन्सन्ट्रेटर, औषधि व अन्य उपकरण को सफल परीक्षण किया गया। कहा कि कोविड-19 के नये वैरियंट के कुछ देशो में बढ़ते प्रभाव के दृष्टिगत सीमान्त जनपद चमोली में समयबद्व तैयारी की जा रही है। हालाकि वर्तमान तक इस नये वैरियंट को लेकर भारत वर्ष में किसी भी प्रकार की खतरे की आंशंका नही जताई गई है। एसीएमओ डॉ. उमा रावत ने अपील करते हुए कहा कि लोग कोविड-19 गाईडलाईन का पालन कर कोरोना से बचे, साथ ही कोरोना के लक्षण दिखने पर तत्काल कोविड-19 जांच जरूर कराये। एसीएमओ डॉ. एमएस खाती ने लोगो से अपील की है सभी लोग बूस्टर डोज अवश्य लगाएं।

# बारिश नहीं होने से किसान, बागवान परेशान



विकासनगर। मौसम की बेरुखी से जौनसार बावर के किसानों और बागवानों की चिंताएं बढ़ने लगी हैं। दिसंबर माह के अंत तक बारिश के आसार नहीं दिखने से सेब और अन्य परंपरागत फसलों पर असर पड़ रहा है। जौनसार बावर क्षेत्र के बागवान और किसान खेतीबाड़ी के लिए अधिकतर बारिश पर ही निर्भर रहते हैं। इन दिनों किसान नई फसलों को बोने की तैयारियों में लगे हुए हैं, लेकिन खेतों में नमी नहीं होने के कारण बुआई समय पर नहीं हो पा रही है। समय पर बुआई नहीं होने से उत्पादन प्रभावित होने की चिंता किसानों को हो रही है। खेत सूखे होने के कारण सेब की फसल भी प्रभावित हो रही है। स्थानीय बागवान, किसान राहुल चौहान, चतर रावत, पृथ्वी सिंह, लायक राम ने बताया कि बारिश नहीं होने से गेहूं, जौ की बुआई नहीं हो पाई है। इसके साथ ही बारिश के अभाव में सेब और अन्य फलों की ग्रोथ भी रुक गई है। मौसम की बेरुखी से खेती, बागवानी प्रभावित होने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट पैदा हो जाएगा। उधर, एडीओ उद्यान इंदु भूषण कुमोला ने बताया कि सेब के अच्छे उत्पादन के लिए नवंबर, दिसंबर माह में बारिश जरूरी है। वर्तमान स्थितियों से उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

## विधायक ने किया पुल निर्माण के लिए चयनित भूमि का निरीक्षण

चमोली : पिंडर नदी पर कुलसारी में प्रस्तावित मोटर पुल के निर्माण हेतु क्षेत्रीय विधायक भूपाल राम टम्टा के नेतृत्व में विश्व बैंक की एक टीम ने लोनिवि थराली के अधिकारियों के साथ स्थान के चयन का स्थलीय निरीक्षण किया।

विधायक ने अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई कर निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए है। कुलसारी से सुनाऊ के बीच पिंडर नदी पर मोटर पुल के निर्माण की ग्रामीण मांग करते आ रहे है।

विधायक भूपाल राम टम्टा ने ग्रामीणों को आश्वासन अब विश्व बैंक एवं लोनिवि के अधिकारियों ने बनने वाले पुल का स्थलीय निरीक्षण किया है।

# खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएः डीएम



देहरादून। टास्कफोर्स बनाकर मिलावट के विरूद्ध प्रभावी अभियान चलाते हुए खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाए। यह निर्देश जिलाधिकारी सोनिका ने ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला स्तरीय सलाहकार समिति (खाद्य सुरक्षा विभाग) की बैठक में दिए।जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में संचालित छोटे–बड़े रेस्टोरेन्ट, दुकानें, आउटलैट जिनमें खाद्य सामग्री विक्रय की जा रही है ऐसी सभी आउटलैट का पंजीकरण करवाने के निर्देश दिए तथा इसके लिए जागरूकता अभियान चलाए साथ ही पंजीकरण न करवाने वाले रेस्टोरेन्ट, दुकानें, आउटलैट पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाए। लक्ष्य निर्धारित करते हुए पंजीकरण कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। बैठक में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने अवगत कराया है कि होटल रेस्टोरेन्ट में इस्तेमाल तेल को 25 रूपये लीटर की दर पर प्राप्त करते ऐसे तेल का बायो डीजल बनाने में इस्तेमाल किया जाता है इस पर जिलाधिकारी ने प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिए ताकि होटल रेस्टोरेन्ट ढाबों आदि का एक बार इस्तेमाल किये हुए खाद्य तेल को दोबारा इस्तेमाल में न लाया जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि टास्कफोर्स बनाते हुए डेयरी विभाग के साथ ही पुलिस, प्रशासन के अधिकारियों को शामिल किया जाए (

## एक नजर

### सेवानिवृत्त राजकीय पेंशनर्स संगठन की नई कार्यकारिणी गठित

ऋषिकेश। सेवानिवृत्त राजकीय पेंशनर्स संगठन की ऋषिकेश शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें एसके अग्रवाल को शाखा अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मंगलवार को गंगानगर स्थित एक कार्यालय में सेवानिवृत्त राजकीय पेंशनर्स संगठन की बैठक हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष आरएस परिहार और प्रदेश महासचिव जीएस भट्ट की उपस्थिति में ऋषिकेश शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष पद पर एसके अग्रवाल का मनोनयन किया गया। इसके अलावा संरक्षक पद पर डॉ. आरएस पुरी, उपाध्यक्ष पद पर आरएस गुप्ता, सचिव के लिए यूएस महर, संयुक्त सचिव पद पर भारती पंत, कोषाध्यक्ष पद पर राजेंद्र शंखधर का मनोनयन हुआ। राम किशन अग्रवाल को संप्रेक्षक, एमएम काला को प्रचार सचिव, कलावती चटर्जी को सांस्कृतिक सचिव बनाया गया। हरवीर सिंह, सुखपाल सिंह सैनी, मदन पाल शर्मा, कृष्णानंद पांडे को कार्यकारिणी में रखा गया। प्रदेश अध्यक्ष आरएस परिहार ने बताया कि आगामी तीन जनवरी को नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सुलखी माई धर्मशाला ऋषिकेश में आयोजित किया जाएगा।

### डोईवाला चीनी मिल में किसानों का प्रदर्शन

ऋषिकेश। गन्ना किसानों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ हल्ला बोला है। वे गन्ना मूल्य घोषित नहीं किए जाने से नाराज हैं। उन्होंने जल्द गन्ना मूल्य घोषित करने की मांग की। मंगलवार को डोईवाला के किसान चीनी मिल पहुंचे। वहां उन्होंने प्रदर्शन किया और अधिशासी निदेशक के जरिए सीएम को ज्ञापन भेजा। किसान सभा के जिलाध्यक्ष दलजीत सिंह ने कहा कि गन्ना मिल को चले एक माह से ज्यादा समय हो गया है। लेकिन अभी तक किसानों को चीनी मिल प्रशासन द्वारा कुछ भी भुगतान नहीं किया, जो किसानों के साथ धोखा है। मंडल अध्यक्ष बलबीर सिंह ने कहा कि लक्सर मिल द्वारा नये पेराई सत्र में किसानों को अभी तक का पूरा भुगतान किया जा चुका है।

# मॉक ड्रिल कर परखी स्वास्थ्य व्यवस्थाएं



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : कोविड की तैयारियों को लेकर जनपद में माधवाश्रम कोटेश्वर कोविड चिकित्सालय सहित जनपद की 41 राजकीय चिकित्सा इकाईयों में जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मॉक ड्रिल का आयोजन कर व्यवस्थाओं को परखा गया।

जनप्रतिनिधियों द्वारा मॉक ड्रिल में व्यवस्थाएं चाक चैबंद पाए जाने पर संतोष व्यक्त करने के साथ-साथ विभाग को कोविड व्यवस्थाओं को पूरी निगरानी के साथ अतिरिक्त सर्तकता बरतने को कहा है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मार्तोलिया ने बताया कि कोविड संक्रमण से निपटने के लिए मंगलवार को जनपद के माधवाश्रम कोविड चिकित्सालय, डेडिकेटेड कोविड केयर सेंटर अगस्त्यमुनि, जखोली, ऊखीमठ, गुप्तकाशी सहित 41 राजकीय चिकित्सालयों में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। माधवाश्रम चिकित्सालय में जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि में नगर पंचायत अध्यक्ष अरूणा बेंजवाल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऊखीमठ में नगर पंचायत अध्यक्ष विजय राणा व अन्य चिकित्सा इकाईयों में स्थानीय जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान आइसोलेशन वार्ड, आक्सीजन सुविधायुक्त आईशोलेशन बैड, आसीयू बैड, वैंटीलेटर युक्त बैड, चिकित्सक, स्टाफ नर्स, पैरामेडिकल व अन्य कार्मिकों की स्थिति, वैंटीलेटर संचालन हेतु प्रशिक्षित स्टॉफ की स्थिति, आक्सीजन प्लांट की स्थिति, आक्सीजन सिलेंडर की उपलब्धता, बीएसएल व एएसएल एंबुलेंस की उपलब्धता व क्रियाशीलता, टेस्टिंग किट, दवा, मास्क, अन्य आवश्यक उपकरणों की क्रियाशीलता व लैब का निरीक्षण किया गया। मॉक ड्रिल में माधवाश्रम चिकित्सालय व जिला चिकित्सालय में आक्सीजन प्लांट सक्रिय पाए गए।

## बुलेट से पटाखे फोड़ने के दौरान हंगामा

ऋषिकेश। श्रीदेव सुमन विवि के कैंपस कॉलेज ऋषिकेश में छात्र महासंघ चुनाव के दौरान हंगामा हो गया। समर्थकों की नारेबाजी के बीच एक युवक ने पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में बुलेट से पटाखे फोड़ने शुरू कर दिए। कान फोडू पटाखे फोड़ने पर पुलिसकर्मियों ने बुलेट को कब्जे में लेकर युवक को धर लिया। इसका पता समर्थकों को चला, तो वह भी मौके पर आ धमके। उन्होंने पुलिस की कार्रवाई का विरोध करते हुए बुलेट ले जाने से पुलिसकर्मियों को रोकने का प्रयास किया। हो–होल्ले में समर्थकों की नारेबाजी के बीच पुलिसकर्मियों के साथ धक्का–मुक्की शुरू हो गई। पुलिस ने सख्ती दिखाकर हंगामे को नियंत्रित किया।

# व्यापारियों ने प्रदर्शन कर शौचालय सुविधा मुहैया कराने की मांग की

विकासनगर। नगर पंचायत सेलाकुई में तीन साल से सार्वजनिक शौचालय पर ताला लटका हुआ है। इससे व्यापारियों और बाजार आने वाले ग्राहकों को परेशानी झेलनी पड़ती है। मंगलवार को व्यापारियों ने नगर पंचायत कार्यालय में प्रदर्शन कर शौचालय सुविधा मुहैया कराने की मांग की है। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे अमित पंवार ने कहा कि तीन वर्ष पूर्व सेलाकुई मुख्य बाजार में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किया गया था, लेकिन निर्माण के बाद से ही उस पर ताला लटका हुआ है। कहा कि औद्योगिक इकाइयों में काम करने वाले करीब तीस हजार श्रमिकों के साथ ही आस पास के दो दर्जन से अधिक गांवों को मुख्य बाजार सेलाकुई ही है। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित होने के कारण हर दिन हजारों यात्री इसी बाजार से होकर गुजरते हैं। बाजार में सार्वजनिक शौचालय की सुविधा नहीं होने से यहां आने वाले हर व्यक्ति को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार खरीदारी करने आई महिलाओं को असहज परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है। पूरे बाजार में अन्य कोई सार्वजनिक शौचालय नहीं होने के कारण कई बार महिलाओं को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के शौचालय का उपयोग करने के लिए बाजार से करीब दो किमी दूर जाना पड़ता है। व्यापारियों ने कहा कि नगर पंचायत प्रशासन से हर बार शौचालय पर लटका ताला खोलने की मांग की गई है, लेकिन निकाय प्रशासन इसे अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर बताकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ देता है।

# सीएम धामी ने किया मसूरी विंटर कार्निवाल के अंतर्गत साइकिल रैली का शुभारंभ




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय से मसूरी विंटर कार्निवाल के अंतर्गत साइकिल रैली का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मसूरी विंटर कार्निवाल पर्यटन को बढ़ावा देने वाला उत्सव है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए साइकिल रैली का आयोजन किया गया।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड का नैसर्गिक सौन्दर्य पर्यटकों को आकर्षित करता है। राज्य सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य में सड़क, हवाई एवं रेल कनेक्टिविटी का तेजी से विस्तार हो रहा है। राज्य में नए टूरिस्ट डेस्टिनेशन विकसित किए जा रहे हैं।इस अवसर पर जिलाधिकारी देहरादून सोनिका, अपर जिलाधिकारी के के मिश्रा, जिला पर्यटन अधिकारी जसपाल चौहान, जिला कमांडेंट होमगार्ड डॉ. राहुल सचान उपस्थिति थे।

## कोविड संक्रमण से बचाव के दृष्टिगत बैठक आयोजित, डीएम ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका ने कोविड संक्रमण से बचाव के दृष्टिगत अपने कार्यालय कक्ष सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कोविड संक्रमण के बचाव हेतु राज्य सरकार द्वारा जारी एसओपी का परिपालन करवाने के साथ ही मुख्य चिकित्साधिकारी एवं समस्त उप जिलाधिकारियों को अपने–2 क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित सीएचसी, पीएचसी में निरीक्षण करते हुए मानकों का परिपालन करवायें। उप जिलाधिकाारियों को अपने–2 क्षेत्रों में एहतियात बरतने के निर्देश दिए।

# सीएम धामी ने किया हिन्दी फीचर फिल्म कलरव का ट्रेलर लॉन्च



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में हिन्दी फीचर फिल्म कलरव का ट्रेलर लॉन्च किया। मुख्यमंत्री ने इस फिल्म की सफलता के लिए सभी कलाकारों को शुभकामनाएं दी।

कलरव फिल्म के प्रोड्यूसर राकेश धामी ने कहा कि माया प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म को रिलीज होने से पूर्व 11 अंतरराष्ट्रीय अवार्ड मिल चुके हैं। फिल्म में मुख्य कलाकार नितिन एवं अम्बिका आर्य हैं। इस फिल्म के डायरेक्टर जगदीश भारती हैं। इस फिल्म का अधिकांश फिल्मांकन उत्तराखण्ड में हुआ है। यह फिल्म 06 जनवरी, 2023 को रिलीज होगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, संजय तिवारी, माया धामी, गीता उनियाल, बीना उपाध्याय एवं विदुषी उपाध्याय उपस्थित थे।

# राज्यपाल ने किया राजभवन के 25 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सुशासन दिवस की श्रृंखला में आयोजित कार्यक्रम में राजभवन के 25 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने सम्मानित होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह पुरस्कार आप लोगों के अपने कार्यों के प्रति ईमानदारी और निष्ठा का परिणाम है। राज्यपाल ने कहा कि जिस लगन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ आपके द्वारा कार्य किया गया है, उसे निरंतर जारी रखें। पुरस्कृत होने के बाद सभी की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गयी है।

राज्यपाल ने कहा कि राजभवन पूरे प्रदेश का प्रतिनिधित्व करता है जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यशैली बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि अपने कार्यों के प्रति पूरी निष्ठा व सजगता से ही इस राजभवन की अच्छी छवि जनता के सामने जायेगी। उन्होंने कहा कि आप सभी अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए उदाहरण हैं। उन्होंने इसी लगन और मेहनत से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने दिए गए दायित्वों एवं कर्तव्यों के प्रति बेहद सजग होने की जरूरत है। टीम भावना से कार्य करते हुए अपने कार्यों में गुणवत्ता और निखार लाने का प्रयास करें। इस अवसर पर प्रथम महिला गुरमीत कौर, वित्त नियंत्रक तृप्ति श्रीवास्तव के अलावा राजभवन के कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहे। सम्मानित होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों में कम्पट्रोलर प्रमोद चमोली, विशेष कार्याधिकारी बी0पी0 नौटियाल, उप निदेशक सूचना नितिन उपाध्याय, प्रमुख निजी सचिव के0एल कौबियाल, वरिष्ठ निजी सचिव राजेन्द्र चौहान, निजी सचिव ललित जोशी, अनुभाग अधिकारी डॉ. सच्चिदानन्द चमोली, अनुभाग अधिकारी अनूप सिंह नेगी, पुस्तालयाध्यक्ष रमाकान्त बैंजवाल, सूचना अधिकारी अजनेश राणा, अपर सहायक अभियन्ता अमित सेमवाल, उद्यान प्रभारी दीपक पुरोहित, प्रवक्ता सन्जू ध्यानी, सोशल मीडिया कोर्डिनेटर पारितोष बंगवाल, मीडिया संचालक सिमरनजीत सिंह सेठी, चीफ फार्मसिस्ट जगदीश देवराड़ी, फिजियोथेरपिस्ट वसुधा वर्मा, निरीक्षक, अभिसूचना नरेन्द्र कुमार शर्मा, निरीक्षक, अभिसूचना नीलम पालीवाल, उपनिरीक्षक, अभिसूचना जितेन्द्र सिंह बिष्ट, उपनिरीक्षक बिजेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक, अभिसूचना, मन्जू, हॉउस कीपर विनीत कुमार, शैफ अजय कोठारी, स्टीवर्ड अभिषेक नौटियाल शामिल हैं।

## मकरैंण मेला 14 जनवरी से, ढोल सागर रहेगा आकर्षण का केंद्र

**पौड़ी।** घुसगलीखाल के दुर्गा मंदिर परिसर में आगामी 14 व 15 फरवरी को मकरैंण मेले का आयोजन किया जाएगा। मकरैंण मेला आयोजन को लेकर मेला आयोजन समिति की बैठक में मेले को भव्य रूप से मनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मकर सक्रांति को होने वाले मेले को दो दिन मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में समिति के सलाहकार अनुसूया प्रसाद सुंद्रियाल, समिति के सचिव एवं प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष कमल रावत ने कहा कि इस बार 14 व 15 जनवरी को मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में ढोल सागर आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसके साथ ही मेले में ग्रामीण महिलाओं का नुक्कड़ नाटक, थडया, चौफला गीत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। बताया कि मकरैंण मेले को भव्य रूप से मनाने को लेकर 8 जनवरी को कालेश्वर में कोट, कल्जीखाल व पौड़ी ब्लाक के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में समिति के अध्यक्ष नेत्र सिंह बिष्ट, संयोजक कमलेश सुंद्रियाल आदि शामिल रहे।

# महोत्सव में योग से निरोग रहने का दिया संदेश

### जयदेव भूमि फाउंडेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम का हुआ समापन



कोटद्वार के मालवीय उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में योग की प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार।** जय देवभूमि फाउंडेशन की ओर से आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक समारोह का मंगलवार को समापन हो गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने योग से निरोग रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृति प्रस्तुतियां भी आयोजित की गई।

मालवीय उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के 27 से अधिक छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष शिवानंद लखेड़ा ने बताया कि हमें अपनी संस्कृति व सभ्यता के संरक्षण के लिए कार्य करना चाहिए। कहा कि फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक करना है। महिला पतंजलि योग समिति व उत्तराखंड योग समिति की ओर से आमजन को योग के प्रति जागरूक किया गया। सदस्यों ने लोगों से सूर्योदय से पूर्व उठ कर योगाभ्यास करने की अपील की। कहा कि योग के माध्यम से हमें शरीर को निरोग रख सकते हैं।

महोत्सव के दौरान गुरु राम राय पब्लिक स्कूल के बच्चों ने योग के हैरत अंगेज करतब प्रस्तुत किए।

वहीं, पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना योगदान देने वाले प्रिंट मीडिया के पत्रकार चंद्रेश लखेड़ा, मृदुल सेमवाल, नरेश थपलियाल, अशोक केष्टवाल, पंकज पसबोला, रोहति लखेड़ा को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर लक्ष्मी रावत, सरोज रावत, लक्ष्मी शाह, प्रकाश गढ़वाली, कौशल्या जखमोला आदि मौजूद रहे। मंच संचालन शोभा रावत ने किया।

## जनपद स्तरीय युवा महोत्सव 30 को

**पौड़ी।** युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग पौड़ी के तत्वाधान में आगामी 30 दिसम्बर को प्रेक्षागृह पौड़ी में जनपद स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जाना है। जिला युवा कल्याण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव में विकासखंड स्तरीय युवा महोत्सव में लोक गीत, लोक नृत्य एवं एंकाकी नाटक में विजयी टीमें प्रतिभाग करेगी। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को पुरस्कृत किया जायेगा। कहा कि जनपद स्तरीय युवा महोत्सव में विजेता टीमें देहरादून में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में प्रतिभाग करेगी।

## इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी 29 से

**पौड़ी।** राजकीय इंटर कॉलेज पौड़ी में 29 व 30 दिसंबर को जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इंस्पायर अवार्ड के जिला समंवयक देवेंद्र सिंह रावत, स्थल संयोजक बिमलचंद्र बहुगुणा ने बताया कि अवार्ड प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में विभिन्न ब्लाकों के 210 प्रतिभागी अपने मार्गदर्शक शिक्षकों के साथ प्रतिभाग करेंगे।

# नहीं हुए धूप के दर्शन, कोहरे व शीतलहर ने बढ़ाई मुश्किल

### मंगलवार को कोटद्वार शहर में पूरे दिन छाया रहा कोहरा



कोटद्वार के झंडाचौक में ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते श्रमिक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** कोटद्वार क्षेत्र में कोहर के साथ शीतलहर का प्रकोप भी बढ़ने लगा है। मंगलवार को पूरे दिन शहर में कोहरा छाया रहा। अधिकांश लोगों ने ठंड से बचने के लिए हीटर व अलाव का सहारा लिया।

क्षेत्र में धीरे–धीरे ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया। कोहरे के कारण सुबह जनजीवन भी काफी अस्त–व्यस्त रहा। पूरे दिन शहर में धूप के दर्शन नहीं हुए। कोहरे के कारण वाहनों को भी हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। स्कूली बच्चों के साथ ही श्रमिकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अधिकांश व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों के बाहर हीटर व अलाव जलाए हुए थे। वहीं, आमजन को ठंड से निजात दिलवाने के लिए नगर निगम की ओर से रात के समय चौराहों में अलाव की भी व्यवस्था बनाई गई है। निगम की ओर से झंडाचौक, स्टेशन रोड, झंडाचौक, आमपड़ाव, लकड़ीपड़ाव सहित अन्य स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं।

# सक्षम ने दिव्यांगों को बांटे कंबल

### यमकेश्वर ब्लाक के भृगुखाल में आयोजित किया गया कार्यक्रम



यमकेश्वर के भृगुखाल में दिव्यांगों को कंबल देते संस्था के सदस्य।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** यमकेश्वर ब्लाक के भृगुखाल में सक्षम संस्था ने दिव्यांगों को कंबल वितरित किए। इस दौरान सदस्यों ने दिव्यांगों की हर संभव मदद का भी संकल्प लिया।

भृगुखाल के गुरुरामराय पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सक्षम के अध्यक्ष योगंबर सिंह रावत ने बताया कि संस्था पिछले लंबे समय से दिव्यांगों के हितों को लेकर कार्य कर रही है। समाज में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को दिव्यांगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। सक्षम के प्रांत सचिव कपिल रतूड़ी ने बताया कि अभियान के दौरान 47 दिव्यांगजनों को कंबल वितरित किए गए।

इस दौरान सदस्यों ने दिव्यांगों के हित में कार्य करने का भी संकल्प लिया। इस मौके पर सक्षम के सचिव विपुल उनियाल, यमकेश्वर ब्लाक के अध्यक्ष मनोज सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष पवन लखेड़ा, प्रधानाचार्य अतुल दर्शन, गौतम रतूड़ी, चंद्रमोहन बधाणी, राजवीर सिंह नेगी, मीना देवी, आलोक सिंह, कुलेश्वर नेगी, सुनीलकांत बडोनी आदि मौजूद रहे।

# उपभोक्ताओं के अधिकारों के प्रति किया जागरूक



महाविद्यालय में विद्यार्थियों को जागरूक करते शिक्षक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य संकाय और अर्थशास्त्र विभाग की ओर से मंगलवार को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उपभोक्ताओं के अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

इस दौरान डॉ. सुनीता गुसाईं व डॉ. एस के गुप्ता ने छात्र छात्राओं को उपभोक्ता एवम ग्राहक का अंतर समझाया। डॉ. तनु मित्तल ने उदाहरण के माध्यम से इस कानून की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी।

डॉ. अनुराग अग्रवाल ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के सभी पहलुओं पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार के दिशा निर्देशन में कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा जैन ने किया।

# कोरोना से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग तैयार : सीएमओ

### मॉक ड्रिल कर परखी स्वास्थ्य सुविधाएं



मॉक ड्रिल के दौरान मरीज की जांच करते हुए स्वास्थ्य कर्मी।

पौड़ी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा पौड़ी जनपद में मंगलवार को कोविड से निपटने के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारी परखने, चिकित्सा प्रबंधन का परीक्षण करने के साथ ही चिकित्सा तंत्र को सक्रिय करने के लिए जनपद की समस्त चिकित्सा इकाइयों में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार ने कहा कि जनपद में कोरोना की आपात स्थिति से निपटने के लिये व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा चुकी हैं। जनपद में 396 आइसोलेशन बैड, 167 आईसीयू बैड उपलब्ध हैं। साथ ही 119 वेंटीलेटर क्रियाशील स्थिति में हैं, इसके अतिरिक्त मेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण भी किया जा चुका है।

मॉकड्रिल स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता आइसोलेशन बैड की क्षमता, आक्सीजन बैड की उपलब्धता, आइसीयू बैड वैंटीलेटर की सुविधा, डाक्टर, नर्सों, पैरामेडिकल स्टाफ, आशा वर्करों की उपलब्धता जैसे मापदंडों पर केन्द्रित रही। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि सभी चिकित्सा इकाइयों में मॉकड्रिल की निगरानी हेतु निरीक्षणकर्ता अधिकारियों को चिकित्सालयों में मॉकड्रिल के दौरान व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने की जिम्मेदारी दी गई थी। उन्होंने कहा कि जनपद में कोविड टीकाकरण से छूटे लाभार्थियों का टीकाकरण भी किया जा रहा है।

# स्वच्छ जल कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा पीढ़ी की होगी अहम भूमिका

**पौड़ी।** पाबौ में महाविद्यालय प्रशासन की ओर से नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत वृहत स्वच्छता एवं कूड़ा निस्तारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने नयार नदी तट पर स्वच्छता अभियान चलाकर प्लास्टिक सहित अन्य प्रकार के कूड़े को एकत्र कर निस्तारित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि जीव जगत की जीवन सुरक्षा के लिए स्वच्छ जल सबसे महत्वपूर्ण है, लेकिन मानव ही वर्तमान में जल को सबसे ज्यादा प्रदूषित कर रहा है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी स्वच्छ जल सहित अन्य कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभा सकती है।

कार्यक्रम में महाविद्यालय पाबौ, जीजीआईसी पाबौ, अटल उत्कृष्ट इंटर कालेज पाबौ के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। ब्लाक मुख्यालय पाबौ के खुडेश्वर महादेव मंदिर परिसर में नयार नदी तट पर नमामि गंगे के तहत स्वच्छता एवं कूड़ा निस्तारण कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि डा. नरेंद्र सिंह रावत ने किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष पौड़ी राजेंद्र प्रसाद टम्टा ने छात्र-छात्राओं के नमामि गंगे व अर्थ गंगा कार्यक्रम को लेकर विस्तार से जानकारी दी। सहकारी समिति पाबौ के अध्यक्ष गुलाब सिंह बिष्ट ने अपने घर, आसपास के परिवेश को स्वच्छ बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र डा. मुकेश शाह ने नमामि गंगे, अर्थ गंगा कार्यक्रम के आर्थिक, सामाजिक व जन जागरुकता पहलुओ की विस्तार से जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सत्य प्रकाश शर्मा ने जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता व सतत विकास के मॉडल पर विस्तार से जानकारी दी।

# युवा मंडल काशीरामपुर तल्ला ने जीता बॉलीवाल का फाइनल

### नेहरू युवा केंद्र की ओर से दुगड्डा के मिनी स्टेडियम में आयोजित की गई प्रतियोगिता



दुगड्डा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार।** नेहरू युवा केंद्र, पौड़ी, (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) द्वारा विकास क्षेत्र– दुगड्डा के मिनी स्टेडियम पदमपुर मोटाढ़ाक के खेल मैदान में संकुल स्तरीय खेल प्रतिस्पर्धा का समापन पुरुस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत पुरूष वर्ष बॉलीबाल, कबड्डी तथा लम्बीकूद तथा महिला वर्ग में बैडमिन्टन तथा दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा मंडल काशीरामपुर तल्ला ने बॉलीवाल का फाइनल मुकाबला जीता।

प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में पुरुष वर्ग की बॉलीबाल प्रतियोगिता में युवा मण्डल काशीरामपुर तल्ला ने संघर्ष पूर्ण मुकाबले में युवा मण्डल मवाकोट को 25–09 के सेट से हराकर फाइनल मैच जीता। कबड्डी प्रतियोगिता में युवा मण्डल मवाकोट ने जौनपुर को 28–21 अंकों से परास्त किया। लम्बी कूद में आशिफ अली प्रथम, पंकज द्वितीय, अशफाक अली तृतीय रहे। महिला वर्ग की बैडमिन्टन प्रतियोगिया में निशा तथा हिमांशी युवा मण्डल मोटाढ़ाक की जोड़ी विजेता तथा अपेक्षा तथा हिमानी युवा मण्डल देवरामपुर की जोड़ी उपविजेता रही। 200 मी॰ दौड में अंजली प्रथम, समीक्षा द्वितीय तथा ललिता तृतीय रही ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला ओलम्पिक संघ के संरक्षक धीरेन्द्र कण्डारी द्वारा युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से हम अपना शारीरिक विकास तो करते ही हैं साथ ही इस आधुनिक समय की भाग दौड़ भरी जिंदगी में आत्मविश्वास को बढ़ाने का अवसर युवा पीढ़ी को मिलता है ताकि उनका मन मस्तिष्क शांत रह सके। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि महावीर सिंह बिष्ट प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज मोटाढ़ाक ने कहा कि आज गांव से ही अधिकतर प्रतिभाऐं निकलकर राष्ट्रीय – अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे है। उन्होंने कहा कि युवा खेल और योगाभ्यास कर अपनी फिटनेश पर ध्यान दें। कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता रमन रावत पोली द्वारा युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवा स्वयंसेवी के रुप में अपने समाज एवं देश के प्रति जागरुकता का कार्य कर सकते हैं, साथ ही युवा खेलों में प्रतिभाग कर अपनी आजीविका के रुप में अपना सकते है। कार्यक्रम का संचालन योगम्बर पोली, उद्घोषक आकाशवाणी द्वारा किया गया। निर्णायक की भूमिका में व्यायाम शिक्षक सतीश मौर्य, बाल भारती पब्लिक स्कूल, पवनीश चन्दोला, हैप्पी होम पब्लिक स्कूल, सतेन्द्र रावत, स्कॉलर्स अकैडमी, आशीष जखमोला डेफोडेस पब्लिक स्कूल, तेजेन्द्र रावत, राजकीय स्टेडियम कोटद्वार, सिद्धार्थ रावत, सह सचिव जिला फुटबॉल संघ पौड़ी ने अपना सहयोग प्रदान किया। प्रतियोगिता में मोटाढ़ाक मल्ला तल्ला, जौनपुर, देवरामपुर, सिम्बलचैड़, मवाकोट, खूनीबड़, शिवपुर, घमण्डपुर, काशीरामपुर मल्ला, काशीरामपुर तल्ला, पदमपुर, शिवरामपुर, पुरानकोट, मानपुर, ग्रास्टन गंज, दुर्गापुरी, सिगड्डी, रतनपुर, सनेह, कोटडीढ़ाग आदि युवा मण्डलों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे अजय कुमार, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवी ज्योति तथा युवा मण्डल सदस्य कोमल गुसाईं, निहारिका पटवाल, बानी शर्मा, निशान्त रावत आदि उपस्थित रहे ।

# मॉक ड्रिलः कोटद्वार बेस चिकित्सालय में पहुंचा कोरोना संक्रमित, तुरंत मिला उपचार

### कोरोना से बचाव की तैयारियों को लेकर बेस अस्पताल में किया गया मॉक ड्रिल

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** कोरोना की लहर को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में कोरोना की तैयारियों को लेकर मॉक ड्रिल की गई। जिसके तहत राजकीय बेस चिकित्सालय में पहुंचे एक कोरोना संक्रमित व्यक्ति को तुरंत उपचार दिया गया।

केंद्र व प्रदेश सरकार के निर्देश पर मंगलवार को बेस चिकित्सालय में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस ड्रिल में बेस चिकित्सालय में कोरोना की तैयारियों को परखा गया। पीपीई किट पहने चिकित्सकों ने तुरंत संक्रमित व्यक्ति को आइसोलेशन वार्ड में भर्ती किया और उसे ऑक्सिजन देते हुए उपचार दिया। अभियान के दौरान लोगों को बचाने के लिए अधिकारियों ने मास्क, बूस्टर डोज से लेकर कई तरह की मॉक ड्रिल कर तैयारियों को परखा । मॉक ड्रिल के दौरान अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता,आइसोलेशन बेड, ऑक्सीजन बेड,आईसीयू बेड, वेंटिलेटर, डॉक्टर,नर्स आदि की उपलब्धता और क्षमताओं को ध्यान में रखा गया। मालूम हो कि मॉक ड्रिल ऐसा अभ्यास है कि, जिसमें भाग लेने वाले ठीक उसी तरह अभ्यास करते हैं कि आपता या आपातकाल के दौरान कैसे प्रतिक्रिया देंगे।

कोरोना के बढ़ते खतरे की आशंका के बीच कैसे इलाज किया जाएगा। सारी जानकारियां अभ्यास के रूप में दिया गया। चिकित्सकों ने बताया कि कोरोना से जंग के लिए कोटद्वार बेस चिकित्सालय पूरी तरह तैयार है। इसके लिए आमजन को भी जागरूक किया जाएगा। अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज व तीमारदारों से मास्क का उपयोग करने की भी अपील की जा रही है।



कोटद्वार के राजकीय बेस चिकित्सालय में कोरोना से बचाव को मॉक ड्रिल करते चिकित्सक।

# महाकालिंका मंदिर बीरोंखाल में पहुंचे हजारों श्रद्धालु

**जयन्त प्रतिनिधि**

**पौड़ी।** विकासखंड बीरोंखाल के तहत गढ़वाल और कुमाऊं की आराध्या देवी महाकालिंका मंदिर में मंगलवार सुबह से ही दूरदराज क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने काली के दरबार में आशीर्वाद लिया। इस मेले का आयोजन कर रहे 13 गांव के बडियारी वंशज के लोगों ने श्रद्धालुओं से पशुबलि नहीं करने की अपील की।

बीरोंखाल ब्लाक में हर तीन साल के अंतराल में लगने वाले कालिंका मेले के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मेले में सुबह से ही गढ़वाल व कुमाऊं से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। मां काली से आस्था रखने वाले लोगों की संख्या इतनी थी कि शाम ढलते-ढलते मंदिर परिसर से लेकर स्थानीय बाजारों तक लोग ही लोग दिखाई दे रहे थे।

मेले में बीरोंखाल, मैठाणाघाट, रसियामहादेव, जोगीमंणी, उपरैखाल, अल्मोड़ा, ललितपुर, सिंदुडी, कोठा, तिमलाखोली आदि स्थानों से श्रद्धालुओं की काफी भीड़ दिखाई दे रही थी। श्रद्धालुओं द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना करने के बाद मां के दरबार में नारियल, मां की चुन्नी, चांदी के छत्र चढ़ाते हुए मां काली से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर लैंसडौन विधायक महंत दलीप रावत, समिति अध्यक्ष चंदन सिंह रावत, थलीसैंण एसडीएम अजबीर सिंह, थानाध्यक्ष थलीसैंण सतेन्द्र भंडारी, तहसीलदार बीरोंखाल राजेन्द्र वर्मा आदि मौजूद थे।

# पालिका ने अतिक्रमण हटाया, व्यापारियों ने किया विरोध

काशीपुर : नगरपालिका की टीम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर नाले के ऊपर व्यापारियों द्वारा किए अतिक्रमण को तोड़कर हटवा दिया। इस दौरान व्यापारियों ने टीम का विरोध भी किया।



मंगलवार को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार दास के नेतृत्व में टीम अनाज मंडी को जाने वाले मार्ग पर व्यापारियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने पहुंची। अधिशासी अधिकारी ने लोगों से नालों के ऊपर किए अतिक्रमण को हटाने की अपील की, लेकिन व्यापारियों ने अतिक्रमण नहीं हटाया। जिसके चलते टीम ने व्यापारियों द्वारा नालों के ऊपर किए गए अतिक्रमण को तोड़कर हटा दिया। अतिक्रमण हटाने के दौरान व्यापारियों ने नगर पालिका की टीम का विरोध किया। इस पर टीम ने व्यापारियों को अतिक्रमण हटाने को दो दिन का समय दिया। ईओ ने बताया कि व्यापारियों द्वारा किए गए अतिक्रमण से जाम की स्थिति बन रही थी। जिसके चलते अतिक्रमण हटाया गया है। उन्होंने कहा कि यदि व्यापारियों द्वारा अतिक्रमण को नहीं हटाया जाएगा तो नगर पालिका की टीम उसे हटाने का काम करेगी। (एजेंसी)

## विवाहिता ने गटका जहर, अस्पताल में भर्ती

बागेश्वर। बागेश्वर में रीमा पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत एक विवाहिता ने घर में रखा कीटनाशक गटक लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां उसका उपचार चल रहा है। अस्पताल प्रबंधन ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी है। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुवार रीमा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत बैकोड़ी गांव की 24 साल की मीना पत्नी दिनेश सिंह ने मंगलवार की सुबह अज्ञात कारणों के चलते घर के अंदर रखा कीटनाशक गटक लिया। थोड़ी ही देर में उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे 108 के माध्यम से जिला अस्पताल ले गए। जहां उसका उपचार चल रहा है। उपचार कर रहे डॉ. राजीव उपाध्याय ने बताया कि महिला की हालत में सुधार हो रहा है।

# मंडी चेयरमैन ने किया वाहन स्वामियों की मांगों का समर्थन

रुद्रपुर : खनन वाहन स्वामियों का दिन-रात धरना प्रदर्शन मंगलवार को भी जारी रहा। रातभर वाहन स्वामी बिना रायल्टी के ओवरलोड वाहनों की चौकसी करने से बिना रायल्टी और ओवरलोड वाहनों का यूपी जाना बंद हो गया है।

खनन वाहन स्वामियों की हड़ताल से निजी खनन पट्टों का खनन कार्य भी प्रभावित हो गया है। मण्डी चेयरमैन अमरजीत कटवाल ने घरनास्थल पर पहुंचकर वाहन स्वामियों की मांग का समर्थन किया।

उन्होंने कहा कि खनन वाहन स्वामियों को उचित रेट मिलना चाहिये। स्टोन क्रेशर में कम रेट मिलने से उनके सामने रोजगार का संकट है। वाहन स्वामियों ने आरोप लगाया कि बिना रायल्टी का आरबीएम खरीदकर सस्ते दामों में यूपी को भेजा जा रहा है। इसके चलते रायल्टी पर ढोये गये आरबीएम के स्टोन क्रेशरों में दाम नहीं मिल रहे हैं।

खनन वाहन स्वामियों ने कैबिनेट मंत्री व क्षेत्रीय विधायक सौरभ बहुगुणा को मांग पत्र भेजकर समाधान की मांग की। वाहन स्वामियों ने आरोप लगाया कि स्टोन क्रेशर रायल्टी वाले आरबीएम को 52 रुपये प्रति कुंतल में खरीद रहे हैं। जबकि 22 रुपये प्रति कुंतल की लागत तथा 35 रुपये की रायल्टी के साथ 57 रुपये प्रति कुतल लागत आ रही है। वाहन स्वामियों को घाटा हो रहा है। उन्होंने अवैध खनन व ओवरलोडिंग रोकने की मांग की। वाहन स्वामियों ने रायल्टी के रेट घटाने, बिना रायल्टी के आरबीएम खरीद-बिक्री पर रोक लगाने, ओवरलोड बंद करने की मांग की। वाहन स्वामी तीसरे दिन भी रातभर भी धरना स्थल डटे रहे। इधर मंगलवार की सायं तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने खनन वाहन स्वामियों से वार्ता कर उनकी मांगों पर चर्चा की। तहसीलदार ने आश्वस्त किया कि वे उनकी मांगों को उच्चाधिकारियों के समक्ष रखेंगे। इस मौके पर गुरदीप सिंह चौहान, गुरसाहब सिंह, राजा, राजवीर सिंह, गौतम सिंह, गुरजीत सिंह, संदीप बावा, राजीव राणा, सर्वजीत सिंह, विक्कर सिंह, जगजीत सिंह लक्की मौजूद रहे। (एजेंसी)

## ग्रामीणों की नि :शुल्क जांच कर बांटी दवा



पिथौरागढ़ : नगर के मड़ खड़ायत में आयुर्वेदिक और होम्योपेथिक विभाग ने स्वास्थ्य शिविर लगाया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की जांच कर निःशुल्क दवा बांटी। बीते रोज स्वास्थ्य कर्मियों की टीम गांव पहुंची। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने लोगों को आयुर्वेदिक और होम्योपेथिक ने चिकित्सका के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने कोरोना के नए खतरे को देखते हुए लोगों से सतर्क रहने और एहतियात बरतने को कहा। बाद में उन्होंने बारी–बारी से लोगों की जांच की। 180 से अधिक लोगों ने शिविर का लाभ उठाया। इस मौके पर डॉ. हेमलता पयार, डॉ. दिव्याशिखा, फार्मासिस्ट संजय रावत, फार्मासिस्ट रविंद्र बिष्ट, वीरेंद्र फिरमाल, विशाल, ग्राम प्रधान हेमा मेहता, सुरेंद्र सिंह बोहरा, राजेश सिंह मेहता आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## सहायक महाप्रबंधक ने की गोदाम में रखे अनाज की जांच

काशीपुर : भारतीय खाद्य निगम के सहायक महाप्रबंधक ने निगम के गोदाम का निरीक्षण कर अनाज की गुणवत्ता जांचने के साथ ही रखरखाव की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अधीनस्थों को अनाज का सही से रखरखाव करने के निर्देश दिए। मंगलवार को भारतीय खाद्य निगम के सहायक महाप्रबंधक डॉ. सुरेंद्र सिंह बेरिया रोड स्थित भारतीय खाद्य निगम के गोदाम पहुंचे।

उन्होंने भारतीय खाद्य निगम के गोदामों में रखे अनाज की बारीकी से जांच की। साथ ही अधीनस्थों को अनाज का सही से रखरखाव करने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में आने वाले अनाज का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने के बाद उसे सुरक्षित गोदाम में रखा जाता है और समय-समय पर अनाज का सैंपल लिया जाता है। जिसकी लैब से जांच कराई जाती है। बताया कि पिछले दो वर्षों से भारत सरकार के निर्देश पर प्रोटीन युक्त चावल बनाकर सस्ता गल्ला विक्रेताओं की मदद से लोगो को वितरण किया जा रहा है।

कहा कि लोग प्रोटीन युक्त चावल को प्लास्टिक का न समझें। बताया कि एफसीआई के इस गोदाम की क्षमता 12528 एमटी है। जिसमें 7224 एमटी खाद्यान्न सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि आगामी वर्ष के लिये इस गोदाम में 5300 एमटी का स्थान अभी बचा हुआ है। यहां गोदाम प्रभारी सुरेंद्र सिंह कुंवर, दानिश, संचित कुमार, वत्सल, सोहन सिंह आदि रहे। (एजेंसी)

# वन विभाग पर लगाए आरोप, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

रुद्रपुर : सालबोझी एक के लोगों ने वन विभाग पर अतिक्रमण हटाने में भेदभाव का आरोप लगाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजकर आर्थिक सहायता एवं खाली सरकारी भूमि आवास के लिए आवंटित कराने की मांग की है। खेतलसंडा खाम सालबोझी एक से हटाए गए लोग मंगलवार को तहसील मुख्यालय पहुंचे। जहां नारेबाजी कर हंगामा काटा। इस दौरान सीएम धामी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी रविंद्र बिष्ट को सौंपा। इसमें कहा कि वन विभाग द्वारा सालबोझी से अतिक्रमण हटाने में भेदभाव किया गया है। विभाग द्वारा केवल गरीब तबके के लोगों के कच्चे झालों को तोड़ा गया, जबकि उनके पास सिर छुपाने के लिए अन्य कोई भूमि नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग ने वन भूमि पर अवैध रूप से काबिज लकड़ी कारोबारियों व अन्य स्थानों पर विभाग की भूमि पर पक्के झाले बनाकर रह रहे अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वर्तमान में उनके पास सिर छुपाने के लिए कोई जगह नहीं है। इससे उनके सामने विभिन्न परेशानियां खड़ी हो गई है। उन्होंने सीएम धामी से भूमिहीनों को आर्थिक सहायता एवं खाली सरकारी भूमि पर आवास देने की मांग की। इस मौके पर नंदलाल, ललित, पूनम, नजमा, रेशमा, मेहरून्निसा, गीता, लक्ष्मी देवी, रामपाल, ज्योति, राधा देवी, लालपरी, नरेश ठाकुर, वीरवती, दुर्गा, साहिल, साफिया, रामसरन, चंपा देवी, तस्लीमा, रिहान, खुर्शीद आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## अज्ञात बाइक चालक पर मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर : दुर्गापुर नंबर दो निवासी दुलाल सरकार ने थाने में तहरीर देकर कहा कि बीते 19 नवंबर की शाम को उसका पुत्र ध्रुव सरकार पंचाननपुर मोड़ के पास सड़क किनारे खड़े होकर अपने रिश्ते की भाई का इंतजार कर रहा था। इस बीच जगदीशपुर की ओर से तेज गति से आ रही बाइक ने उसके पुत्र को टक्कर मार दी।

## मीट प्रोसेसिंग यूनिट के विरोध में उतरी भाजपा

काशीपुर : निवारमंडी गांव में मीट प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण करने को अफसरों की टीम नहीं पहुंची। वहीं, भाजपा और उसके अनुषांगिक संगठनों ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर यूनिट का विरोध किया। मंगलवार को भाजपाइयों ने कहा निवार मंडी गांव निवासी जमसीदा बेगम ने डीएम से मीट प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की अनुमति मांगी है। डीएम ने अफसरों की टीम को स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।



उन्होंने कहा कि किसी भी जांच की सूचना ग्रामीणों को देना जरूरी है। क्षेत्रवासी मीट प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना के विरोध में है। मीट प्रोसेसिंग यूनिट स्थापना की अनुमति दी गई तो माहौल खराब हो सकता है। इस दौरान उन्होंने आवेदन पत्र निरस्त करने की मांग की। यहां हरप्रीत सिंह हैप्पी, महाराज सिंह चौहान, ध्यान सिंह, गौरव चौहान, लोकमान सिंह, प्रदीप कुमार, नील कमल शर्मा, आशीष चौबे, सोहित जोशी, चमन कुमार, हेमराज सिंह, मुकेश चौहान, रणवीर सिंह रहे। उधर, एसडीएम सीमा विश्वकर्मा ने बताया कि उन्होंने पूर्व में तहसीलदार को मीट प्रोसेसिंग यूनिट के निरीक्षण को आने वाली अफसरों की टीम के साथ रहने के निर्देश दिए हैं। (एजेंसी)

## शिक्षक ने डीएम से लगाई गुहार

पिथौरागढ़ : बेरीनाग के तमोली-ग्वीर विद्यालय में प्रधानाध्यापक के तौर पर कार्यरत शंकर दत्त जोशी को आठ माह से वेतन नहीं मिला है। मंगलवार को उन्होंने डीएम रीना जोशी को ज्ञापन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्ष 1939 को तमोली-ग्वीर में अनुसूचित जाति प्राथमिक पाठ-शाला विद्यालय की स्थापना हुई। वर्ष 1986 से वह विद्यालय में सुचारु रूप से अध्यापन का कार्य करा रहे हैं। लेकिन न तो उन्हें पांचवे, छटे व सातवें वेतनमान का लाभ मिला और न ही अप्रैल से अब तक का वेतन। कहा पूर्व में 34 वर्षों की सेवा को देखते हुए मार्च 2023 तक 1 वर्ष का सेवा विस्तार के लिए भी अनुरोध किया, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुई।

# बगैर अनुमति के पेंशन की राशि काटी तो जाएंगे न्यायालय की शरण में

बागेश्वर। बागेश्वर में राजकीय पेंशनर्स मंच की यहां आयोजित बैठक में संगठन की मजबूती पर बल दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि यदिक बगैर पेंशनर्स की अनुमति के उनकी राशि काटी गई तो मंच इसके खिलाफ न्यायालय की शरण लेगा। इसमें किसी तरह की जोर–जबरदस्ती सहन नहीं होगी। प्रकटेश्वर मंदिर में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पूर्व में उनकी पेंशन से राशि काटी गई है। अब बगैर उनके अनुमति के राशि काटी गई तो विरोध किया जाएगा। बैठक में तय किया गया कि विभिन्न संगठनों को एक मंच में लाकर संयुक्त मंच का गठन किया जाएगा। इसके बाद मंच के माध्मय से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बागेश्वर ब्लॉक के लिए पूर्व प्रधानाचार्य किशन राम अध्यक्ष गोपाल राम उपाध्यक्ष व चरण सिंह बघरी को मंत्री बनाया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष केशवानंद जोशी, मंत्री नारायण सिंह गड़िया, चंद्र दत्त जोशी, बहादुर सिंह परिहार, भरावनी राम आदि मौजूद रहे।

## मारपीट की घटना के दोषियों पर कार्रवाई की जाए

अल्मोड़ा : युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आशीष कुमार ने रानीखेत छात्रसंघ चुनाव में हारे हुए प्रत्याशी के समर्थकों के साथ हुई मारपीट की घटना की निंदा की है। उनका कहना है कि छात्र संघ चुनाव निर्दलीय प्रत्याशी राहुल बिष्ट और निर्दलीय प्रत्याशी दीपक बिष्ट के बीच हुआ था। जीत के बाद राहुल के समर्थकों ने अराजकता की और दीपक के कार्यालय में घुस कर मारपीट की। बावजूद इसके अब तक आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई है, जो कि पुलिस की कार्यप्रणाली और कानून व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगाता है। आशीष ने दोषियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

## विजेताओं को किया सम्मानित

पिथौरागढ़ : मूनाकोट विकासखंड के जीआईसी पीपलकोट में लोक संस्कृति पर आधारित प्रतियोगिता का समापन हो गया है।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को बीते रोज प्रधानाचार्य मोहन चंद्र पाठक ने प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के समन्वयक उमेश चंद्र पुनेठा ने बताया कि लोकनृत्य, लोकगीत, नाटक,ऐपण, ऐंण प्रतियोगिता में जीजीआईसी मूनाकोट ने पहला, जीआईसी पीपलकोट ने दूसरा व जीआईसी गौरीहाट ने तीसरा स्थान हासिल किया है।

## पाटी में किया बाल मेले का आयोजन

चम्पावत। पर्यावरण संरक्षण समिति पाटी ने उत्तराखंड सेवा निधि के सहयोग से बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में पाटी ब्लॉक के गूम, रौलमेल, तोली, पाटी, कमलेख के 150 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। बच्चों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी गई। उत्तराखंड सेवा निधि की रमा जोशी की अध्यक्षता और कल्पना गहतोड़ी के संचालन में हुए कार्यक्रम में कैलाश, हेमा देवी, कंचन, मनीषा, पिंकी, पलक, कल्पना, माया देवी, मुन्नी देवी, सुनीता देवी, आशा देवी, घनश्याम पचौली, चंद्रशेखर, पीतांबर गहतोड़ी मौजूद रहे।

## डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी करने की मांग

अल्मोड़ा : सर्वदलीय संघर्ष समिति ने पर्वतीय क्षेत्रों से जिला विकास प्राधिकरण की व्यवस्था समाप्त करने की मांग को लेकर मंगलवार को अल्मोड़ा के गांधी पार्क में धरना दिया। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

डीडीए समाप्ति का जल्द शासनादेश जारी करने की मांग उठाई। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। धरना स्थल पर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने कहा कि समिति पिछले पांच वर्षों से संघर्ष कर रही है, लेकिन सरकार जन विरोधी फैसले को वापस नहीं ले रही है। पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा कि फैसला वापस नहीं लेने तक धरना जारी रहेगा। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पीतांबर पांडे, कांग्रेस नगर अध्यक्ष पूरन रौतेला, आनंदी वर्मा, चंद्रकांत जोशी, हेम चंद्र जोशी, प्रदीप तिवारी, प्रत्येश कुमार पांडे, नवीन चंद्र जोशी, ललित मोहन पंत, रोहित शैली, देवेंद्र कर्नाटक, हेम जोशी, देव सिंह टंगड़िया, प्रताप सत्याल, हेम तिवारी, नारायण दत्त पांडे, शहाबुद्दीन समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे। (एजेंसी)

## महिला कांग्रेस अध्यक्ष विमला चौहान नहीं रही

रुद्रपुर : पंतनगर कांग्रेस महिला अध्यक्ष और विश्वविद्यालय के नियंत्रक कार्यालय में वाह्य सेवादाता के माध्यम से कार्यरत विमला चौहान का मंगलवार को निधन हो गया है। उनके निधन पर सामाजिक एवं राजनीति दलों के पदाधिकारियों ने शोक जताया। गमगीन माहौल में पुत्र रवि चौहान ने बेनी घाट में उनकी चिता को मुखाग्नि दी। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व दर्जा राज्य मंत्री एवं किसान नेता डॉ. गणेश उपाध्याय, प्रदेश कांग्रेस सचिव विनोद कोरंगा, राजेश प्रताप सिंह, किच्छा नगरपालिका अध्यक्ष दर्शन कोहली, यूकेडी जिला महामंत्री जीवन सिंह नेगी, इंटक अध्यक्ष जनार्दन सिंह, अनुराधा जोशी, लवकुश शर्मा, डॉ. महेंद्र शर्मा, दान सिंह नयाल, खड़क सिंह टाकुली, रजनीश पाण्डेय, अजय चौहान, कन्हैया लाल, अतुल वर्मा, रवि कुशवाहा, उत्तरांचल संगम के सचिव चन्द्रशेखर बचखेती रहे। (एजेंसी)

## प्रतियोगिताओं में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

अल्मोड़ा : ब्राइट पब्लिक स्कूल जूहा चौकुनी में वार्षिक बौद्धिक ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख हीरा रावत ने शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए विभिन्न प्रतियोगिओं के आयोजन को जरूरी बताया। इस मौके पर शब्द बनाओ, वर्ड मैच, कला, सुलेख, सामान्य ज्ञान, चार्ट, क्विज प्रतियोगिताओं में सावनी, हर्षित बिष्ट, प्रिया, कोमल बिष्ट, साक्षी जनी, शुभांगी आर्या, संजना अधिकारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। प्रधानाध्यापक ने अतिथियों का आभार जताया। (एजेंसी)

# इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

काशीपुर : पुलिस ने 15 हजार के इनामी गैंगस्टर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सहारनपुर क्षेत्र में किराये के मकान में रहकर दूध की डेयरी में काम कर रहा था। मंगलवार को एएसपी अभय प्रताप सिंह ने बताया कि यूपी के मोहल्ला कस्सावल, थाना कीरतपुर जिला बिजनौर निवासी रईस उर्फ भूरा पुत्र सलीक के खिलाफ वर्ष 2019 में गैंगस्टर अधिनियम के तहत केस दर्ज किया था। बताया कि आरोपी अपने गैंग के साथ मवेशियों की चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। आरोपी के खिलाफ काशीपुर के साथ ही कुंडा और जसपुर थाने में भी मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी की गिरफ्तारी पर एसएसपी ने 15 हजाार रुपये का इनाम घोषित किया था। गिरफ्तारी को कोतवाल मनोज रतूड़ी के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया था। आरोपी गिरफ्तारी के बचने के लिये यूपी के गागलहेडी, सहारनपुर में अपने परिवार के साथ किराये के मकान में रहकर एक दूध की डेयरी में काम कर रहा था। पुलिस टीम ने दबिश देकर इनामी गैंगस्टर को गिरफ्तार कर लिया। (एजेंसी)



# रेलवे भूमि पर अतिक्रमण हटाने के लिए हुई हाइ लेवल मीटिंग, 4365 घरों पर चलेगा बुल्डोजर

हल्द्वानी : हल्द्वानी के बनभूलपुरा में रेलवे भूमि पर अतिक्रमण हटाने के लिए अधिकारियों की हाइ लेवल मीटिंग की गई। मीटिंग में कमिश्नर, पुलिस, प्रशासन और रेलवे के अधिकारी मौजूद रहे। बताया गया कि रेलवे प्रशासन 28 दिसंबर अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस से जारी करेगा।

**अतिक्रमण हटाने के लिए विस्तृत प्लान तैयार**

28 दिसंबर से ही दोबारा पिलर बंदी शुरू होगी। अतिक्रमण हटाने के लिए विस्तृत प्लान तैयार किया गया। बता दें कि नैनीताल हाईकोर्ट के आदेश के बाद बनभूलपुरा में रेलवे की 78 एकड़ भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई होनी है। बनभूलपुरा के 4365 घरों को तोड़कर अतिक्रमण हटाया जाना है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान ड्रोन और वीडियो कैमरों से पूरे क्षेत्र पर निगरानी रखी जायेगी।



## एसएसबी के गुरिल्लों का सत्यापन जारी

चम्पावत। एसएसबी से प्रशिक्षित गुरिल्लों का न्यायालय के आदेश के बाद सत्यापन कार्य शुरू हो गया है। इस दौरान गुरिल्लों ने सरकार से जल्द न्याय मिलने की आस जताई। एसएसबी गुरिल्ला संगठन के जिलाध्यक्ष ललित मोहन बगौली ने बताया कि चम्पावत जिले में 750 गुरिल्ले हैं। जिनमें से करीब 50 की मृत्यु हो चुकी है। ललित ने बताया कि वर्ष 2015 में एसएसबी संगठन की ओर से गुरिल्लों का सत्यापन किया गया था।

अब केंद्रीय गृह मंत्रालय से अंतिम रूप से पुलिस ने फिर से सत्यापन कराया जा रहा है। जिसमें 15 जनवरी तक केंद्र सरकार तक अंतिम रिपोर्ट पहुंचनी है।

# दिगौत में लोक कला ऐपण का आगाज

अल्मोड़ा : गेवाड़ संकल्प समिति और संस्कृति मंत्रालय की ओर से दिगौत में लोक कला ऐपण का आगाज हो गया है। मंगलवार को कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम जयवर्धन शर्मा ने किया।

इस मौके पर गेवाड़ संकल्प समिति की ओर से सिलाई प्रशिक्षण के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये।

समिति की अध्यक्ष व तीलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित भावना शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के तहत महिलाओं को 15 दिन का प्रशिक्षण लिया जाएगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री कौशल विकास में सिलाई में प्रशिक्षण लेकर स्वयं का रोजगार कर रही महिलाओं को एसडीएम ने समानित भी किया। साथ ही महिलाओं को प्रोत्साहित कर उन्हें स्वरोजगार को मदद का आश्वासन भी दिया गया। इस मौके पर संस्कृति विभाग उत्तराखंड के सचिव हरी चंद्र सेमवाल, निदेशक बीना भट्ट, किरन बाला, अनीता, सीमा आर्या, भावना तिवारी, बबीता साह, बबीता तिवारी समेत कई महिलाओं ने प्रतिभाग किया। (एजेंसी)

## थाने पहुंचा प्रेमी जोड़ा, पुलिस के हस्तक्षेप से हुआ निकाह

रुद्रपुर : मंगलवार को गदरपुर थाने पहुंचे एक प्रेमी जोड़े ने खुद को बालिग बताते हुए निकाह करने की इच्छा जाहिर की। वहीं उनके परिवार वाले भी थाने पहुंच गए। परिवार वाले उनके निकाह के खिलाफ थे। प्रेमी युगल एक ही समुदाय से हैं। बाद में पुलिस के मामले में हस्तक्षेप के बाद दोनों का गांव में मौलवी की मौजूदगी में निकाह कराया। मोतीयापुर निवासी एक युवक और डॉगपुरी निवासी एक युवती एक दूसरे से प्रेम करते हैं और वह निकाह करना चाहते थे। परिवार के दबाव में निकाह के लिए रजामंदी नहीं हो पा रही थी। कई बार समझाने के बावजूद भी लड़की के घरवाले निकाह करने को राजी नहीं हो रहे थे। वहीं मंगलवार को अचानक प्रेमी युगल थाना गदरपुर पहुंच गया और पुलिस से खुद के बालिग होने की बात कहते हुए निकाह करवाने की मांग की।

## सम्पादकीय

# बदला जाए अब गुलामी का इतिहास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के इतिहास को लेकर एक नई अलख जगाने का पैगाम दिया है जिसमें भारतवर्ष के पुराने महा योद्धाओं की गाथाओं को पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने की जरूरत बताई है। इतिहास के नाम पर जो कुछ भी हमारी पुस्तकों में पढ़ाया जा रहा है वह एक तरफा आक्रांता मुगलों की वीरता का बखान करने वाला है, जबकि राष्ट्र रक्षा के लिए इन आक्रांताओं का मुकाबला करने वाले भारतीय सूर्य वीरो का सम्मानजनक वर्णन नहीं किया गया है। एक लंबे समय से यह मांग भी उठ रही है कि भारतवर्ष के शूरवीर राजा व देश की रक्षा के लिए लड़ने वाले योद्धाओं की जीवनी एवं कार्यों को पाठ्यक्रमों का हिस्सा बनाया जाए। दिल्ली में पहले वीर बाल दिवस पर आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इतिहास के नाम पर थोपे हुए विमर्श को पढ़ाने की बात कही तो लगा मानो करोड़ों भारतवासियों के मन की बात ही हो गई। पूरा देश आज चाहता है कि पाठ्यक्रम में शामिल मुगलों की गाथाओं को हटाया जाना चाहिए एवं उनके स्थान पर उन भारतीयों को स्थान मिलना चाहिए जिन्होंने इन मुगलों का मुकाबला किया। प्रधानमंत्री ने कहा की इतिहास के नाम पर तैयार किए गए विमर्श से देशवासियों में हीन भावना को जगाने का कुत्सित प्रयास किया गया है। अजीब विडंबना है कि पाठ्यक्रम में औरंगजेब तो पढ़ाया जाता है लेकिन गुरु गोविंद सिंह जी के दोनों साहिबजादे कहीं जिक्र नहीं किया जाता। औरंगजेब जैसे क्रूर शासकों को दयालु बताकर उनकी अलग छवि पेश की गई और इस सब के पीटे भारतीय सूर्य वीरो की वीरता को कभी भारतीय छात्रों को पढ़ाने का प्रयास ही नहीं किया गया। कई दशकों से जो इतिहास हम पढ़ते आ रहे हैं उसमें आजादी के बाद भी मुगलों का ही वर्चस्व कायम है जिसमें मुगलों की वीरगाथाओ का गुणगान एवं भारतीय वीरों को हाशिए पर रखा गया है। निश्चित तौर पर आज जरूरत है कि इस विषय पर इतिहास को अब बदला जाए एवं इनके स्थान पर भारतीय वीर पुरुषों एवं महिलाओं की जीवनी के बारे में छात्रों को जानकारी दी जाए। गुलामी की मानसिकता के प्रतीक इतिहास को बदलने की चिंगारी है सुलग चुकी है और उम्मीद की जा सकती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इन शब्दों को एक सार्थक रूप मिल सकेगा। आने वाले समय में पाठ्यक्रम का चयन करते समय भारतीय वीरों को ध्यान में रखकर पुस्तके बनाई जाए ताकि हमारी भावी पीढ़ी यह समझ सके की भारत को लूटने वाले मुगलों के मंसूबे किस प्रकार भारतीय विरोधी नाकाम किए थे।

**चीन और भूटान के बीच जिन दो इलाकों को लेकर ज्यादा विवाद है, उनमें से एक भारत-चीन-भूटान ट्राइजंक्शन के पास 269 वर्ग किमीक़ का इलाका और दूसरा भूटान के उत्तर में 495 वर्ग किमी. का जकारलुंग और पासमलुंग घाटियों का इलाका है। चीन भूटान को 495 वर्ग किमी. वाला इलाका देकर उसके बदले में 269 वर्ग किमीक़ का इलाका लेना चाहता है। चीन जो इलाका मांग रहा है, वो भारत के सिलीगुड़ी करिडोर के करीब है। सिलीगुड़ी करिडोर, जिसे चिकन्स नैक भी कहा जाता है, भारत को अपने पूर्वोत्तर राज्यों तक पहुंचने के लिए सुरक्षित रास्ता देता है। चिकन्स नैक का यह इलाका भारत के लिए रणनीतिक दृष्टि से बहुत महवपूर्ण है। इस इलाके में अगर चीन को थोड़ा सा भी लाभ होता है तो वो भारत के लिए बड़ा नुकसान होगा। चीन,भूटान के साथ सौदा करने की कोशिश कर रहा है और यह सौदा भारत के हित में नहीं होगा। चीन चुंबी घाटी तक रेल लाइन बिछा सकता है, चीन के पास पहले से ही यातुंग तक रेल लाइन की योजना है और यातुंग चुंबी घाटी के मुहाने पर है।**

# पड़ोस : भूटान पर चीन की नजर

**डा ब्रह्मदीप अलूने**

तकरीबन आठ लाख की आबादी वाले भूटान से चीन का सीमा विवाद मध्य और पश्चिमी क्षेत्रों पर तो रहा है लेकिन पूर्वी क्षेत्र पर कभी कोई बात ही नहीं हुई।

यहां तक कि चीन और भूटान की उच्च स्तर की 24 वार्ताओं में भी कभी इसका जिक्र नहीं किया गया। 2020 में यह स्थिति अचानक बदल गई जब वैश्विक पर्यावरण सुविधाओं पर आधारित एक बैठक में चीन ने यह दावा कर सबको अचरज में डाल दिया कि पूर्वी भूटान में स्थित सकतेंग वन्य जीव अभयारण्य को किसी अंतरराष्ट्रीय परियोजना में इसलिए शामिल नहीं किया जा सकता क्योंकि यह चीन और भूटान के बीच विवादित क्षेत्र है। दरअसल चीन ने भूटान के जिस क्षेत्र पर दावा किया, भूटान की पूर्वी सीमा अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले के टूती है और अरुणाचल प्रदेश को चीन दक्षिणी तिब्बत बताता है।

हाल में तवांग पर चीन ने जो विवाद खड़ा करने की कोशिश की है, वह उसकी पारंपरिक सीमाओं के विस्तार की रणनीति पर आधारित है। गौरतलब है कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपने तीसरे कार्यकाल की शुरु आत के ठीक पहले कांग्रेस के अधिवेशन में अपनी भावी रणनीति को साफ करते हुए कहा था कि अब आर्थिक क्षेत्र से ज्यादा उनका ध्यान पार्टी हित और राजनीतिक प्रतिबद्धताएं पूरी करने पर होगा। चीन की राजनीतिक प्रतिबद्धताएं माओ के सिद्दातों के अनुरूप रही हैं। जिनपिंग माओ के बाद देश के शक्तिशाली नेता के तौर पर उभरे हैं। माओ की विचारधारा अधिनायकवाद, साम्राज्यवादी और सीमाओं के विस्तार के लिए आक्रामक नीतियों पर आधारित है।



माओ ने पड़ोसी देशों के अस्तित्व को ही चुनौती देते हुए तिब्बत को चीन के दाहिने हाथ की हथेली माना और उसकी पांच अंगुलियां लद्दाख, नेपाल, सिक्किम, भूटान और अरुणाचल प्रदेश को बताया था। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद में संघर्ष की स्थिति निर्मित होने के बाद भी चीन लद्दाख, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश को लेकर भारत पर सैन्य या कूटनीतिक दबाव बनाने में असफल रहा है। नेपाल को लेकर चीन बहुत आगे बढ़ गया है, और वहां साम्यवादी शक्तियां सत्ता में प्रभावशील हैं, अतरू चीन नेपाल को आर्थिक सहायता के जाल में बुरी तरह उलझा चुका है। इन सबके बीच चीन की नजर भूटान पर है जो भारत के लिए सुरक्षा कवच का काम करता है।

भारत के उत्तर पूर्व के प्रमुख सहयोगी राष्ट्र भूटान से मजबूत संबंध रहे हैं। भूटान भारत के सहयोग और निवेश से बिजली पैदा करता है और उसे भारत को बेचता है, जो उसके सकल घरेलू उत्पाद का 14 फीसदी है।

भूटान और भारत के बीच 1949 से मैत्री संधि है और 2007 में यह नवीनता के साथ मजबूत ही हुई। भूटान भारत और चीन के बीच रणनीतिक रूप से एक बफर देश है, सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने भू रणनीतिक स्थान के कारण भूटान भारत के लिए बेहद अहम है। भारत और भूटान के बीच 605 किमी. लंबी सीमा है तथा 1949 में हुई संधि की वजह से भूटान की अंतरराष्ट्रीय, वित्तीय और रक्षा नीति पर भारत का प्रभाव रहा है। वहीं चीन और भूटान के बीच भौगोलिक और रणनीतिक विरोधाभास रहे हैं तथा इन दोनों के बीच लगभग पांच सौ किमी. लंबी सीमा रेखा है जिस पर विवाद होता रहा है।

भूटान चीन से आशंकित रहता है कि कहीं वह तिब्बत की तरह ही उस पर कब्जा न जमा ले। 2017 में भारत और चीन के बीच डोकलाम को लेकर सैन्य तनातनी हुई थी। यह क्षेत्र भारत,चीन और भूटान के त्रिकोण पर स्थित है।

खंजर के आकार की चुंबी घाटी का डोकलाम पठार रणनीतिक रूप से भारत के लिए बेहद अहम है। चीन पिछले कुछ वर्षो में भूटान से सीमा विवाद हल करने की कोशिशों में जुटा है और उसकी यह कोशिश भारत की सामरिक समस्याओं को बढ़ा सकती है। पिछले वर्ष अक्टूबर में भूटान और चीन ने एक एमओयु पर हस्ताक्षर किए थे जिस पर चीन ने दावा किया दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंध स्थापित करके अर्थपूर्ण भागीदारी आगे बढ़ेगी। भूटान ने भी दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की और प्रतिबद्धता जताई। चीन की भूटान से विवाद समाप्त करने की कोशिशें भारत के लिए नई सुरक्षा चुनौती के रूप में सामने आ सकती है।

चीन और भूटान के बीच जिन दो इलाकों को लेकर ज्यादा विवाद है, उनमें से एक भारत-चीन-भूटान ट्राइजंक्शन के पास 269 वर्ग किमीक़ का इलाका और दूसरा भूटान के उत्तर में 495 वर्ग किमी. का जकारलुंग और पासमलुंग घाटियों का इलाका है। चीन भूटान को 495 वर्ग किमी. वाला इलाका देकर उसके बदले में 269 वर्ग किमीक़ का इलाका लेना चाहता है। चीन जो इलाका मांग रहा है, वो भारत के सिलीगुड़ी करिडोर के करीब है। सिलीगुड़ी करिडोर, जिसे चिकन्स नैक भी कहा जाता है, भारत को अपने पूर्वोत्तर राज्यों तक पहुंचने के लिए सुरक्षित रास्ता देता है। चिकन्स नैक का यह इलाका भारत के लिए रणनीतिक दृष्टि से बहुत महवपूर्ण है।

इस इलाके में अगर चीन को थोड़ा सा भी लाभ होता है तो वो भारत के लिए बड़ा नुकसान होगा। चीन,भूटान के साथ सौदा करने की कोशिश कर रहा है और यह सौदा भारत के हित में नहीं होगा। चीन चुंबी घाटी तक रेल लाइन बिछा सकता है, चीन के पास पहले से ही यातुंग तक रेल लाइन की योजना है और यातुंग चुंबी घाटी के मुहाने पर है। भारत भूटान को आर्थिक,सैनिक और तकनीकी मदद मुहैया कराता है। भारत की तरफ से दूसरे देशों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता का सबसे बड़ा लाभ भूटान को ही मिलता है।

भूटान में सैकड़ों भारतीय सैनिक तैनात हैं, जो भूटानी सैनिकों को प्रशिक्षण भी देते हैं। लेकिन चीनी प्रभाव से स्थितियां बदल रही हैं। भूटान की युवा पीढ़ी भारत और चीन से समान संबंध रखना चाहती है और दोनों के विवादों से दूरी बनाए रखने की पक्षधर है। जाहिर है भारत के पड़ोसी निरंतर भारत की सामरिक चुनौतियों को बढ़ा रहे हैं।

नेपाल, म्यांमार, बांग्लादेश, श्रीलंका और मालदीव में चीन की व्यापक आर्थिक हिस्सेदारी ने भारत के लिए सामरिक संकट बढ़ाया है, इन देशों के बंदरगाहों पर चीनी जासूसी जहाजों की आवाजाही बढ़ी है। चीन की नजर अब भूटान पर भी है, और भारत के लिए भूटान को नियंत्रित रखना बहुत जरूरी है।

# ट्रंप दौर की समाप्ति?



ट्रंप एक व्यक्ति से ज्यादा अमेरिका में एक परिघटना के प्रतीक हैं, जो आज भी मजबूत है। इसलिए अगर ट्रंप की कहानी खत्म हो जाती है, तब भी धुर दक्षिणपंथ की वह परिघटना भी खत्म हो जाएगी, यह मानने की कोई वजह नहीं है।

इसके पहले कि नया साल आए और बीते नवंबर में चुनी गई कांग्रेस का कार्यकाल शुरू हो, अमेरिका की सत्ताधारी डेमोक्रेटिक पार्टी ने पूर्व राष्ट्रपति डनल्ड ट्रंप को राजनीतिक रूप से समाप्त करने की हर संभावना को आजमा रही है। नवंबर में हुए चुनाव में कांग्रेस के निचले सदन हाउस अफ रिप्रिजेंटेटिव में डेमोक्रेटिक पार्टी ने बहुमत गंवा दिया। इस तरह नई कांग्रेस के कार्यकाल में डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए ट्रंप विरोधी मुहिम को अंजाम तक पहुंचाना संभव नहीं रह जाएगा। तो उसने दिसंबर खत्म होने के पहले दो हमले किए हैं। ताजा हमले में संसदीय समिति ने ट्रंप के टैक्स रिकर्ड्स को सार्वजनिक करने का निर्णय ले लिया है। इसके पहले ट्रंप पर आपराधिक मुकदमा चलाए जाने का रास्ता साफ कर दिया गया। छह जनवरी 2021 की घटना की जांच करने वाली अमेरिकी कांग्रेस की कमेटी ने उन्हें श्लोकतंत्र के खिलाफ अपराध करने का दोषी ठहराया है।

छह जनवरी 2021 को ट्रंप के समर्थकों ने संसद भवन पर उस समय हमला बोल दिया था। बेशक ट्रंप को जिन आरोपों में दोषी पाया गया है, वे अमेरिकी इतिहास में अभूतपूर्व हैं। अगर मुकदमे में भी ट्रंप दोषी करार दिए गए, तो अमेरिकी इतिहास में एक ऐसे राष्ट्रपति की कहानी दर्ज हो जाएगी, जिस पर कांग्रेस की कार्यवाही में बाधा डालने, धोखाधड़ी करने, झूठे बयान देने, और विद्रोह के लिए भीड़ को उकसाने और उसमें सहायक बनने के इल्जाम लगे। तो क्या ट्रंप राजनीतिक रूप से अब समाप्त हो गए हैं? ऐसा कहना संभवतरू जल्दबाजी होगी। बल्कि एक कयास यह है कि इससे ट्रंप के पक्ष में उनके समर्थकों की नए सिरे से गोलबंदी हो सकती है। यह अंदेशा भी है कि ट्रंप समर्थक धुर दक्षिणपंथी गुट श्पूर्व राष्ट्रपति को सताए जाने से नाराज होकर हिंसक गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं। वैसे भी ट्रंप एक व्यक्ति से ज्यादा अमेरिकी इतिहास में एक परिघटना के प्रतीक रहे हैं, जो आज भी मजबूत बनी हुई है। इसलिए अगर ट्रंप की कहानी खत्म हो जाती है, तब भी धुर दक्षिणपंथ की वह परिघटना भी खत्म हो जाएगी, यह मानने की कोई वजह भी मौजूद नहीं है।

> छह जनवरी 2021 को ट्रंप के समर्थकों ने संसद भवन पर उस समय हमला बोल दिया था। बेश-क ट्रंप को जिन आरोपों में दोषी पाया गया है, वे अमेरिकी इतिहास में अभूतपूर्व हैं। अगर मुकदमे में भी ट्रंप दोषी करार दिए गए, तो अमेरिकी इतिहास में एक ऐसे राष्ट्रपति की कहानी दर्ज हो जाएगी, जिस पर कांग्रेस की कार्यवाही में बाधा डालने, धोखाधड़ी करने, झूठे बयान देने, और विद्रोह के लिए भीड़ को उकसाने और उसमें सहायक बनने के इल्जाम लगे। तो क्या ट्रंप राजनीतिक रूप से अब समाप्त हो गए हैं? ऐसा कहना संभवतरू जल्दबाजी होगी। बल्कि एक कयास यह है कि इससे ट्रंप के पक्ष में उनके समर्थकों की नए सिरे से गोलबंदी हो सकती है। यह अंदेशा भी है कि ट्रंप समर्थक धुर दक्षिणपंथी गुट पूर्व राष्ट्रपति को सताए जाने से नाराज होकर हिंसक गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं।

# यात्रा से दूर रहीं विपक्षी पार्टियां!




कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा जब फरीदाबाद पहुंची थी उससे पहले राहुल गांधी ने सभी विपक्षी पार्टियों के नेताओं को चि ी लिखी थी और उनको यात्रा में शामिल होने का न्योता दिया था। राहुल ने विपक्षी नेताओं को लिखा था कि भारत जोड़ो यात्रा 24 दिसंबर को दिल्ली पहुंच रही है, जिसमें शामिल होने के लिए वे आमंत्रित हैं। बताया जा रहा है कि राहुल ने कुल 15 पार्टियों के नेताओं को चि ी लिखी थी। लेकिन दिल्ली में किसी विपक्षी पार्टी का नेता यात्रा में शामिल नहीं हुआ। दिल्ली पहुंचने से एक दिन पहले 23 दिसंबर को डीएमके सांसद कनिमोझी जरूर फरीदाबाद पहुंच कर यात्रा में शामिल हुईं, लेकिन राहुल के बुलावे पर 24 दिसंबर को कोई विपक्षी नेता नहीं पहुंचा।कांग्रेस की तरह से कहा जा रहा है कि सरकार राहुल की यात्रा से घबरा गई और इसलिए उसने संसद का सत्र समय से पहले समाप्त कर दिया। कहा जा रहा है कि चूंकि संसद का शीतकालीन सत्र शुक्रवार को दोपहर में ही समाप्त हो गया इसलिए ज्यादातर पार्टियों के नेता अपने अपने क्षेत्र में चले गए और इस वजह से शनिवार को यात्रा में शामिल नहीं हुए। लेकिन यह बात तर्कसंगत नहीं लगती है। अगर विपक्षी पार्टियों को यात्रा में शामिल होना होता तो प्रतीकात्मक रूप से किसी भी नेता को उसमें शामिल होने के लिए भेजा जा सकता था।विपक्षी पार्टियों की दूरी से हैरानी इस कारण भी है कि संसद की कार्यवाही के दौरान कांग्रेस की बुलाई बैठकों में विपक्षी पार्टियों के नेता शामिल हुए। मल्लिकार्जुन खडगे की बुलाई बैठक में एक बार 17 विपक्षी पार्टियां शामिल हुईं तो दूसरी बार 12 पार्टियों के नेता पहुंचें। लेकिन राहुल के बुलावे पर 24 दिसंबर को एक भी पार्टी का नेता नहीं पहुंचा। तभी सवाल है कि क्या विपक्षी पार्टियां संसद के अंदर और बाहर अलग अलग रणनीति पर काम कर रही हैं? संसद के अंदर सरकार को घेरने के लिए उनको कांग्रेस की जरूरत है क्योंकि कांग्रेस विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी है। लेकिन संसद के बाहर सभी पार्टियों की अपनी राजनीति है और वे कांग्रेस के साथ नहीं दिखना चाहती हैं।यह भी कहा जा रहा है कि सबको पता था कि शुक्रवार को संसद का सत्र खत्म हो जाएगा और शनिवार को सबको अपने क्षेत्र में जाना है इसलिए वे यात्रा से नहीं जुड़ सकेंगे तो जिस तरह से कनिमोझी शुक्रवार को ही यात्रा में शामिल होने पहुंच गईं उस तरह से बाकी पार्टियों के नेता शुक्रवार को ही यात्रा में क्यों नहीं शामिल हो गए? विपक्षी पार्टियों के नेताओं के साथ कांग्रेस के समन्वय बनाने का सवाल भी उठ रहा है। कहा जा रहा है कि अगर विपक्षी पार्टियों को बुलाना था तो पहले उनसे बात होती और उसके बाद चि ी लिखी जाती।

# साइबर क्राइम : हर जगह दी है दस्तक

**आनन्द माधव**

नवम्बर 23, 2022 की सुबह अल इंडिया इंस्टीट्यूट अफ मेडिकल साइंस (एम्स), दिल्ली में अफरातफरी मच गई जब पता चला कि इमरजेंसी लैब के कंप्यूटर सेंटर से मरीजों की रिपोर्ट नहीं मिल रहीं।

फिर बिलिंग सेंटर, अन्य विभागों से भी रिपोर्ट आने लगीं कि कोई फाइल नहीं खुल रही। टीम ने बैकअप सिस्टम को रिस्टोर करने का प्रयास किया तो मालूम हुआ इसे हैक किया जा चुका है। दिल्ली एम्स पर इस हमले में लगभग 4 करोड़ मरीजों का डाटा चोरी होने का अनुमान है। हैकर्स ने एम्स से 200 करोड़ रुपये की फिरौती की मांग की। इसे क्रिप्टो करंसी में भुगतान करने को कहा गया। हालांकि पुलिस ने फिरौती की मांग से इनकार किया।



हम डिजिटल युग में रह रहे हैं। इंटरनेट से जीना आसान हो गया है। मोबाइल की एक क्लिक पर पूरी दुनिया हाजिर है। आज कोई भी व्यक्ति या देश साइबरस्पेस से खुद को अलग नहीं कर सकता, लेकिन हम असुरक्षित भी होते जा रहे हैं। कोई भी हमारे व्यक्तिगत जीवन में ताकझांक कर सकता है। बिना कुछ किए बैंक खाते में डाका डाल सकता है। हैकिंग, ट्रोलिंग, बुल्लिंग, हेट स्पीच, पोर्न की लत आम बात हो गई है। बैंक फ्रड से लेकर मैलवेयर से लेकर रोमांस स्कैम तक, साइबर क्राइम हर जगह है। साइबर अपराध मात्र आर्थिक अपराध तक ही सीमित नहीं है, यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा भी बन गया है। साइबर अपराधी युवाओं का ब्रेन वश कर उनको अपने ही देश के विरु द्ध अपराध करने को भड़काता है। हेट स्पीच के माध्यम से समाज में विभेद पैदा करता है। एनसीआरबी 2020 के रिपोर्ट के अनुसार गत वर्ष 50 हजार से भी अधिक साइबर क्राइम के केस भारत में रजिर्स्टड हुए। साइबर अपराध मात्र भारत की समस्या नहीं है, लगभग हर देश की समस्या है। फेडरल ब्यूरो अफ इन्वेस्टिगेशनम की 2021 की इंटरनेट क्राइम रिपोर्ट के अनुसार साइबर क्राइम के कारण .7 बिलियन का नुकसान हुआ, जो 2019 में रिपोर्ट किए गए नुकसान से लगभग दोगुना है। ब्रिटिश जालसाजों ने टैक्स धोखाधड़ी करने के लिए ग्राहकों कि संवेदनशील जानकारी को अनलाइन टारगेट किया है। ब्राजील के मैलवेयर डवलपर्स ने देश में उनके नाम जारी किए गए इलेक्ट्रनिक चालानों में हेर-फेर किया है। आर्थिक रूप से प्रेरित खतरे वाले कर्ताओं ने अस्ट्रेलियाई सेवानिवृत्ति खातों को टारगेट किया। साइबर अपराध राष्ट्रीय सुरक्षा को विभिन्न तरीकों से प्रभावित करता है, जिसमें संगठित अपराध और शत्रुतापूर्ण राष्ट्र राज्यों को अवैध लाभ प्राप्त करने और लूटने के लिए उपजाऊ जमीन उपलब्ध कराना, घरों, उद्योगों और सरकारी की आर्थिक स्थिरता को खतरा पैदा, आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित कर महवपूर्ण क्षेत्रों को पंगु बना देना। कोस्टारिका के सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के खिलाफ राष्ट्रव्यापी कोंटी रैंसमवेयर हमले और देश की बाद की आपातकालीन घोषणा, एक और स्पष्ट उदाहरण है। भारत में अब तक कोई डाटा प्रोटेक्शन एक्ट नहीं है। भारत सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन अधिनियम, 2008 के अंतर्गत सीईआरटीइन को राष्ट्रीय एजेंसी के रूप में कार्य करने के लिए नामित किया है, जिसकी स्थापना 2004 में हुई है। 2018 में डाटा प्रोटेक्शन एक्ट का प्रारूप तैयार किया गया और 2020 में इसे सदन में पेश किया गया। लेकिन इसे फिर वापस ले लिया गया था। अब पुनरू शडिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल, 2022 को आम जनता के सुझाव के लिए इलेक्ट्रनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की वेबसाइट पर डाला गया है। वित्तीय अपराध या फ्रड को रोकने के लिए या रक्षा एवं गृह विभाग के महवपूर्ण डाटा को सुरक्षित रखने के लिए हमें बहुपरत सुरक्षा (आतंरिक एवं बाह्य) की जरूरत है, लेकिन इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं है कि साइबर सुरक्षा के मामले में भारत विश्व में निचले पायदान के देशों के साथ खड़ा है। इसके कई कारण हैं। सबसे पहले तो साइबरस्पेस की महत्ता समझने के बाद भी इस मद में बहुत ही कम बजट करना। दूसरा, साइबर अपराध के बारे में न तो लोगों की समुचित समझ है, और न ही इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार ही किया जा रहा है।

हमारे सरकारी प्रतिष्ठान कमजोर हैं क्योंकि-क) हम अपने डिजिटल इकोसिस्टम एवं सरकारी प्रतिष्ठान अपने डिजिटल डाटाबेस को सुरक्षित करने के लिए न्यूनतम राशि खर्च करते हैं, ख) ऐपध्नेटवर्क और अपरेटिंग सिस्टम का उपयोग करने के लिए पायरेसीध्गैर-लाइसेंसध्मुक्त उपयोग पर निर्भर हैं, ग) हमारी सरकार ने प्रदाताओंध्अपरेटरों और उपयोगकर्ताओं के लिए लक्ष्मण रेखा की रूपरेखा नहीं बनाई है, घ) हम अपने डाटा से समझौता किए जाने के बारे में कम से कम चिंतित हैं। साइबर अपराध से लडने के लिए उचित बजट एवं सरकार की मजबूत इच्छाशक्ति की जरूरत है, साथ ही मजबूत डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन एक्ट भी जरूरी है, तभी हम साइबर अपराधी से लडने के लिए तैयार हो पाएंगे एवं राष्ट्र पर साइबर हमले रोकने में सक्षम होंगे।

> **ब्रिटिश जालसाजों ने टैक्स धोखाधड़ी करने के लिए ग्राहकों कि संवेदनशील जानकारी को अनलाइन टारगेट किया है। ब्राजील के मैलवेयर डवलपर्स ने देश में उनके नाम जारी किए गए इलेक्ट्रनिक चालानों में हेर-फेर किया है। आर्थिक रूप से प्रेरित खतरे वाले कर्ताओं ने अस्ट्रेलियाई सेवानिवृत्ति खातों को टारगेट किया। साइबर अपराध राष्ट्रीय सुरक्षा को विभिन्न तरीकों से प्रभावित करता है, जिसमें संगठित अपराध और शत्रुतापूर्ण राष्ट्र राज्यों को अवैध लाभ प्राप्त करने और लूटने के लिए उपजाऊजमीन उपलब्ध कराना, घरों, उद्योगों और सरकारी की आर्थिक स्थिरता को खतरा पैदा, आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित कर महवपूर्ण क्षेत्रों को पंगु बना देना।**

# 'व्यंग और हास्य'

**'सचिन तिवारी'**

भारत देश एक संसति प्रधान देश है यहां का साहित्य और संस्कार पूरे विश्व में अपनी एक अलग पहचान रखता है, हमारे साहित्य पर विदेशों के जाने माने वैज्ञानिक दार्शनिक शोध करते हैं, भारतीय साहित्य की विधा हास्य और व्यंग के बारे में बहुत से लेखकों ने अपने अपने मत दिए और बताया कि यह विधा कितनी उपयोगी और मूल्यवान है लेकिन आज पाश्चात्य सभ्यता के आगे हमारी यह विधाएं धीरे धीरे विलुप्त होने की कगार पर हैं और इनके विषय में बहुत कम लोग ही अच्छी तरह जानते हैं, व्यंग और हास्य के बारे में मैं इन चंद लाइनों से आपको बताना चाहूंगा।



हास्य और व्यंग दोनों ही साहित्य के अंतर्गत एक प्रमुख विधा के रूप में हैं हास्य- व्यंग्य का मूल स्त्रोत हमारी हजारों बरस पुरानी लेखनी द्वारा प्रहार किया जाता है, जिससे प्रभावित होने वाला आक्रोशित हो जा जाता है द्य हास्य की समाप्ति पर जहाँ पाठक या श्रोता हंसने लगता है,वहीं व्यंग्य की समाप्ति पर पाठक अव्यवस्था के विरुद्ध खीझ और आक्रोश या अवसाद से भर उठता है द्य हास्य का आधार मनोरंजन है तो व्यंग्य का आधार संवेदना है द्य कई बार हास्य और व्यंग्य के आलंबन एक जैसे हो सकते हैं द्य हास्य की सृष्टि करती दिखने वाली कोई रचना तीखे और कटु व्यंग्य में परिवर्तित हो सकती है द्य यह पाठक या श्रोता के चिंतन और विश्लेषण पर निर्भर करता है द्य आज राजनीति में कुछ नेताओं के आचरणों से कभी हास्य उत्पन्न होता है तो उसी से कभी-कभी व्यवस्था पर व्यंग भी निरूपित हो जाता है द्य

कबीरदास की इन चंद लाइनों से कटाक्ष का अच्छा उदाहरण पेश किया है

मुंड मुंडाये हरि मिले, सब कोय मुंडाये,
बार बार के मुंडने भेड़ ना बैकुंठ जाय।

इस उदाहरण में कबीरदास जी ने कटाक्ष के माध्यम से धार्मिक कुप्रथाओं पर प्रहार किया है की अगर सिर मुंडवाने से भगवान मिलते तो सभी अपना सिर मुंडवा लेते।बार बार सिर मुंडवाने के बाद भी भेड़ बैकुंठ(स्वर्ग) नही जा सकती।

वही व्यंग की बात की जाए तो हुल्लड़ मुरादाबादी का एक व्यंग है जो अपने आप में सदी की सर्वश्रेष्ठ रचना है -

कर्जा देता मित्र को, वह मूर्ख कहलाए,
महामूर्ख वह यार है, जो पैसे लौटाए।
बिना जुर्म के पिटेगा, समझाया था तोय,
पंगा लेकर पुलिस से, साबित बचा न कोय।
गुरु पुलिस दोऊ खड़े, काके लागूं पाय,
तभी पुलिस ने गुरु के, पांव दिए तुड़वाय।
पूर्ण सफलता के लिए, दो चीजें रखो याद,
मंत्री की चमचागिरी, पुलिस का आशीर्वाद।
नेता को कहता गधा, शरम न तुझको आए,
कहीं गधा इस बात का, बुरा मान न जाए।
हुल्लड़ खैनी खाइए, इससे खांसी होय,
फिर उस घर में रात को, चोर घुसे न कोय।
हुल्लड़ काले रंग पर, रंग चढ़े न कोय,
लक्स लगाकर कांबली, तेंदुलकर न होय।
बुरे समय को देखकर, गंजे तू क्यों रोय,
किसी भी हालत में तेरा, बाल न बांका होय।
दोहों को स्वीकारिये, या दीजे ठुकराय,
जैसे मुझसे बन पड़े, मैंने दिए बनाय।
कोई कील चुभाए तो, उसे हथौड़ा मार
इस युग में तो चाहिये, जस को तस व्यवहार।
जीवन इक ससपैंस है, जाने कब क्या होए
'हुल्लड़' ऐसी फिल्म का, ऐंड न जाने कोय।
पैसा पाने का तुझे, बतलाता हूं प्लान
कर्जा लेकर बैंक से, हो जा अन्तर्धान।
धन चाहे मत दीजिये, जग के पालनहार
पर इतना तो कीजिये, मिलता रहे उधार।
बीमा मत करवाइये, समझाता हूँ तोय
पैसा पत्नी को मिले, मरण तुम्हारा होय।
यम बोले यह आदमी, है धरती पर भार
जगह नहीं है नरक में, भेजो इसे बिहार।
सत्यवान पर है गिरी, इस कलियुग में गाज
सावित्री के साथ में, भाग गए यमराज ।
जो भी दोहा पाठ में, ताली नहीं बजाए

# लवलीना, निखत ने राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीता सोना





भोपाल , टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोगोहेन और मौजूदा विश्व चैम्पियन निकहत जरीन ने सोमवार को छठी एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीते जबकि रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) ने दस पदकों के साथ टीम ट्राफी अपने नाम की।

असम की मुक्केबाज लवलीना बोगोहेन ने सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एसएससीबी) की अरुंधति चौधरी को 75 किग्रा के फाइनल में 5–0 से हराया जबकि जरीन को 50 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक के लिये आरएसपीबी की अनामिका से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा हालांकि विश्व चैंपियन ने अपने खिताब का बचाव करते हुये मैच को 4–1 से अपने पक्ष में कर लिया।2019 विश्व चैंपियनशिप मंजू रानी ने 48 किग्रा फाइनल में तमिलनाडु की एस कलैवानी को 5–0 से हराकर आरएसपीबी को अपना पहला स्वर्ण दिलाया। शिक्षा (54 किग्रा), पूनम (60 किग्रा), शशि चोपड़ा (63 किग्रा) और नूपुर (+81 किग्रा) आरएसपीबी के अन्य स्वर्ण पदक विजेता थे, जिन्होंने तीन रजत और दो कांस्य पदक भी जीते।

एक स्वर्ण, दो रजत और पांच कांस्य के साथ मध्य प्रदेश ने दूसरा और दो स्वर्ण और दो कांस्य के साथ हरियाणा ने तीसरा स्थान हासिल किया।

2021 यूथ वर्ल्ड चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली मणिपुर की युवा मुक्केबाज सनामाचा थोकचोम चानू ने भी रोमांचक फाइनल में मध्य प्रदेश की श्रुति यादव को 3–2 से हराकर 70 किग्रा वर्ग का खिताब जीता।

# वायकॉम18 करेगा टाटा ओपन महाराष्ट्र के पांचवें संस्करण का प्रसारण



पुणे ,। देश का सबसे नया खेल नेटवर्क वायकॉम18 स्पोर्ट्स भारत के प्रमुख टेनिस टूर्नामेंट टाटा ओपन महाराष्ट्र के पांचवें संस्करण का आधिकारिक प्रसारण करेगा। टाटा ओपन महाराष्ट्र 31 दिसंबर से सात जनवरी के बीच यहां बालेवाड़ी स्टेडियम में खेला जायेगा जिसमें पूर्व ग्रैंड स्लैम चैंपियन मारिन सिलिक और पिछले साल के फाइनलिस्ट एमिल रुसुवुओरी समेत एटीपी टूर के कुछ बड़े सितारे शामिल होंगे। चलीफाइंग राउंड 31 दिसंबर और एक जनवरी को आयोजित किए जाएंगे जबकि मुख्य ड्रॉ दो जनवरी से शुरू होगा। टाटा ओपन महाराष्ट्र के टूर्नामेंट निदेशक प्रशांत सुतार ने कहा हम वायकॉम 18 स्पोर्ट्स का बोर्ड पर स्वागत करने के लिए रोमांचित हैं। अल्प अवधि में स्पोर्ट्स 18 और जियोसिनेमा ने विश्व स्तरीय खेल के प्रसारण को लेकर खेल प्रेमियों का ध्यान आकर्षित किया है। मुझे विश्वास है कि यह सहयोग टूर्नामेंट को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

# जब मैं बल्लेबाजी करने आया, तो मेरा दिल जोरों से धडक़ रहा था : सरफराज



कराची , पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 153 गेंदों में 86 रन की तूफानी पारी खेलकर अपने 50वें टेस्ट मैच में और घरेलू मैदान पर पहली बार अपना जलवा बिखेरा। लगभग चार साल बाद टेस्ट में खेलने के लिए मोहम्मद रिजवान की जगह लेने आए अहमद ने पांचवें विकेट के लिए बाबर के साथ 196 रन की विशाल साझेदारी की। सरफराज ने मजाक में कहा कि जब वह बल्लेबाजी करने आए तो उनका दिल जोरों से धडक़ रहा था।अहमद ने कहा, जब मैंने अपनी पहली तीन गेंदें खेलीं, अगर आप मेरे दिल की धडक़न को सुनते, तो आप हैरान रह जाते। मेरा दिल बहुत तेजी से धडक़ रहा था। ऐसा नहीं था कि मैं डेब्यू कर रहा था, मैं वापसी कर रहा था और स्थिति काफी तनावपूर्ण थी।अहमद ने कहा, बाबर ने मुझे बहुत आत्मविश्वास दिया और एक वरिष्ठ खिलाड़ी के रूप में जिस तरह से उन्होंने दबाव के दौरान मुझसे बात की, उससे मुझे काफी आत्मविश्वास मिला।

हालांकि, दाएं हाथ के इस बल्लेबाज को अपनी पारी को शतक में नहीं बदलने से निराशा हुई, क्योंकि उन्होंने खेल के अंतिम सत्र के अंत में 86वें ओवर में स्पिनर एजाज पटेल की गेंद पर आउट हो गए।

सरफराज ने कहा, आखिरकार मुझे एक मौका मिला और मुझे उम्मीद है कि मेरी आज की पारी से टीम को मदद मिलेगी।

# संतोष ट्रॉफी : जयदीप की हैट्रिक से दिल्ली को मिली बड़ी जीत, कर्नाटक व गुजरात भी जीते



नई दिल्ली ,जयदीप सिंह की हैट्रिक ने मेजबान दिल्ली को हीरो संतोष ट्रॉफी 76वीं राष्ट्रीय सीनियर पुरुष फुटबॉल चैंपियनशिप के ग्रुप एक में पहली जीत दिलाई। कर्नाटक और गुजरात ने भी रविवार को इस क्लस्टर में अपने मैच जीते। त्रिपुरा के साथ अपने पहले मैच में गोल रहित ड्रा खेलने वाली दिल्ली के तेवर रविवार को खतरनाक नजर आए। डॉ. अंबेडकर स्टेडियम में खेले गए एकतरफा मुकाबले में दिल्ली ने लद्दाख को 7–0 से हराया। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए अन्य मैचों में कर्नाटक ने कड़े संघर्ष के बाद उत्तराखंड को 3–1 से जबकि गुजरात ने त्रिपुरा को 6–0 से हराया।

दिल्ली की जीत के हीरो रहे स्ट्राइकर जयदीप सिंह ने तीन गोल किए। अपने पिछले मैच की तुलना में दिल्ली का खेल बिल्कुल अलग नजर आया। विशेष रूप से, अग्रिम पंक्ति के खिलाडिय़ों ने लगभग आधा दर्जन मौके गंवाने के बावजूद मेजबान टीम को बड़े अंतर से जीत दिलाई। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे जयदीप ने 47वें, 88वें और 90/1 मिनट में अपने तीन गोल किए। अनुभवी स्ट्राइकर अजय सिंह रावत (35वें और 90/4वें मिनट) के दोनों गोल भी काबिले तारीफ रहे।

जीत के साथ दिल्ली ग्रुप एक में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। उसके दो मैचों में एक जीत और एक ड्रॉ से चार अंक हैं। कर्नाटक ग्रुप–1 में छह अंकों के साथ शीर्ष पर है। कर्नाटक ने रविवार को अपना लगातार दूसरा मैच जीता। वहीं गुजरात दो मैचों में एक जीत और एक हार के साथ तीन अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। उत्तराखंड, त्रिपुरा और लद्दाख के दो मैचों में एक–एक ड्रॉ से एक–एक अंक हैं।

इससे पहले जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए दिन के पहले मैच में कर्नाटक ने कड़े मुकाबले के बाद उत्तराखंड को 3–1 से हराया। जैकब जॉन कट्टुकरेन ने मैच का पहला गोल 21वें मिनट में कर कर्नाटक को बढ़त दिलाई। लेकिन 44वें मिनट में उत्तराखंड के लिए अजय बिष्ट ने बराबरी कर ली (1–1)। लेकिन स्टॉपेज टाइम के दौरान, शजान फ्रैंकलिन ने 45/3वें मिनट में गोल करके कर्नाटक को 2–1 से आगे कर दिया। दूसरे हाफ में उत्तराखंड ने आक्रामक फुटबॉल खेली, लेकिन मैच खत्म होने से ठीक पहले अंकित पी. ने 90/3वें मिनट में गोल दागकर कर्नाटक को 3–1 से जीत दिला दी।दिन के तीसरे मैच में गुजरात ने त्रिपुरा को 6–0 से रौंद दिया, जिसमें जय कनानी ने 20वें, 67वें, 90/2वें और 90/5वें मिनट में हैट्रिक सहित चार गोल किए। उसके लिए कप्तान मोइनुद्दीन और धर्मेश परमार अन्य स्कोरर रहे।

# श्रीलंका के खिलाफ वनडे और टी20 के लिए भारतीय टीम का ऐलान, रोहित शर्मा की हुई वापसी



नई दिल्ली, नए साल की शुरुआत में श्रीलंका टीम भारत दौरे पर आ रही है। श्रीलंका यहां तीन टी20क और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलेगा। इसके लिए इउउक ने मंगलवार को टी20क और वनडे टीम का ऐलान कर दिया है।

दोनों देशों के बीच यह सीरीज 3 जनवरी 2023 में खेली जाएगी। सीरीज का आगाज टी20 से होगा। बता दें कि वनडे टीम में कप्तान रोहित शर्मा की वापसी हुई है। हार्दिक पांड्या को उप कप्तान बनाया गया है। वहीं, टी20 के लिए हार्दिक पांड्या को कप्तान, सूर्यकुमार को उप कप्तान बनाया गया है।

वनडे टीम में मोहम्मद शमी की वापसी हुई है। वह भी बांग्लादेश दौरे से पहले चोटिल हो गए थे। गौरलतब हो कि टी20क में श्रीलंका पर भारत का पलड़ा भारी है। दोनों देशों के बीच अब तक 26 मैच खेले गए हैं। जिनमें भारत ने 17 और श्रीलंका ने 8 मैच जीते। एक मैच टाई रहा है। वनडे मैचों में भी श्रीलंका के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी रहा है। अब तक दोनों देशों के बीच 162 एकदिवसीय मुकाबले खेले गए, जिनमें टीम इंडिया ने 93 और श्रीलंका ने 57 मैच जीते। दोनों के बीच एक मैच टाई रहा, जबकि 11 मुकाबलों का रिजल्ट नहीं निकला।

## फिल्मी गपशप

# विक्की कौशल ने गंभीर फिल्में छोड़ गोविंदा नाम मेरा क्यों साइन की? बताई वजह

विक्की कौशल की फिल्म गोविंदा नाम मेरा हाल ही में डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज हुई है। फिल्म काफी समय से टल रही थी। विक्की के प्रशंसक उन्हें कॉमेडी जौनर में देखने के लिए उत्सुक थे। विक्की अकसर राजी, उरी, सरदार उधम जैसी गंभीर फिल्मों में दिखे हैं। ऐसे में उनके प्रशंसकों को इस फिल्म से काफी उम्मीदें थीं। उम्मीदों के उलट जब उन्होंने फिल्म देखी तो वे विक्की से पूछने लगे कि आखिर उन्होंने ऐसी फिल्म क्यों साइन की?

अब अभिनेता विक्की कौशल ने खुद गोविंदा नाम मेरा साइन करने की वजह बताई है। विक्की ने कहा कि उन्होंने फिल्म की स्क्रिप्ट सुनते ही इसके लिए हां कर दी थी। विक्की के अनुसार, उस समय कोरोना महामारी की दूसरी लहर चल रही थी। हर तरफ नकारात्मकता और डर फैला हुआ था। ऐसे में वह दर्शकों को कुछ मजेदार, वह भी उनके घर बैठे देने के ख्याल से प्रभावित हुए थे।

निजी तौर पर भी विक्की यह भूमिका निभाना चाहते थे। उन्होंने अब तक अपने करियर में सिर्फ गंभीर भूमिकाएं ही निभाई थीं। ऐसे में वह इस नए जौनर पर भी हाथ आजमाना चाहते थे। विक्की अपने लिए एक ऐसी फिल्म ढूंढ रहे थे जहां वह आंसू बहाने वाले किरदार न निभाकर एक मजेदार और सरल किरदार में निभा सकें। ऐसे में जब उनके पास इस फिल्म की स्क्रिप्ट आई तो उन्होंने इसके लिए हामी भर दी।



हालांकि, दर्शकों को न ही यह फिल्म रास आई, न ही विक्की का अभिनय। क्रिटिक्स का मानना है कि विक्की कॉमेडी के साथ प्रयोग तो किया, लेकिन वे इसमें बुरी तरह असफल हो गए। उनकी सपाट डायलॉग डिलीवरी दर्शकों को सिर पकड़ लेने पर मजबूर कर देती है। न ही फिल्म की महिला कलाकारों के साथ उनकी केमिस्ट्री दर्शकों को पसंद आई। फिल्म के खराब तरीके से लिखे गए संवादों ने भी विक्की की उपस्थिति पर पानी फेर दिया।

गोविंदा नाम मेरा का निर्देशन शशांक खैतान ने किया है। फिल्म में विक्की के साथ भूमि पेडनेकर और कियारा आडवाणी नजर आई हैं। फिल्म गोविंदा वाघमारे (विक्की) की कहानी है। उसकी पत्नी गौरी (भूमि) ने उसकी जिंदगी में तबाही मचाई हुई है और गोविंदा अपनी गर्लफ्रेंड सुकु (कियारा) के साथ घर बसाने का सपना देखता है, लेकिन उसके इस ख्वाब के बीच रोड़ा बनता है वो विवादित बंगला, जो उसके मृत माता–पिता की निशानी है।

विक्की कौशल की आने वाली फिल्मों की बात करें तो फिर से उनके पास गंभीर भूमिकाओं की लंबी लिस्ट है। वह मेघना गुलजार की फिल्म सैम बहादुर में फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ का किरदार निभाएंगे। इसके अलावा उन्होंने दिनेश विजान और लक्ष्मण उतेकर की फिल्म वॉरियर साइन की है। यह युद्ध पर आधारित एक बड़े बजट की फिल्म होगी। वह लक्ष्मण उतेकर की ही एक अन्य फिल्म में सारा अली खान के साथ नजर आने वाले हैं।

# लेडी सुपरस्टार नयनतारा की फिल्म कनेक्ट का हिंदी ट्रेलर रिलीज



लेडी सुपरस्टार नयनतारा की फिल्म ह्यकनेक्टह्न का हिंदी ट्रेलर शनिवार को जारी किया गया है। फिल्म के ट्रेलर में एक खुशहाल परिवार को दिखाया गया है जो दुनिया भर में फैली महामारी के कारण विभिन्न स्थानों पर फंस जाता है। फिल्म में नयनतारा लीड रोल में हैं, वहीं सत्यराज, अनुपम खेर और विनय राय भी फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म में नयनतारा ने एक नाबालिग बेटी की मां जबकि विनय उनके पति की भूमिका निभाई है और सत्यराज उनके पिता की भूमिका निभाते हैं। वहीं फिल्म में अनुपम खेर ने मुंबई के एक पुजारी की भूमिका निभाई है।

फिल्म में दिखाया है कि नयनतारा को जब पता चलता है कि उसकी बेटी पर भूत का साया है तो उसे इस स्थिति से अकेले ही निपटना पड़ता है। अनुपम खेर जो पुजारी हैं, वे सुझाव देते हैं कि लडक़ी पर से भूत का साया हटाने की जरूरत है।

फिल्म के निमार्ताओं ने हिंदी वर्जन की रिलीज की तारीख भी बदलकर 30 दिसंबर कर दी है। पहले यह फिल्म 29 दिसंबर 2022 को रिलीज होने वाली थी।

# बिग बॉस ओटीटी फेम दिव्या अग्रवाल फिल्मों में लेंगी एंट्री



टीवी एक्ट्रेस दिव्या अग्रवाल अक्सर सुर्खियों में छाई रहती हैं। सोशल मीडिया पर भी खासा एक्टिव रहती हैं। पिछले साल 2021 में उन्हें ओटीटी पर आए ह्यबिग बॉसह्न में देखा गया था। करण जौहर द्वारा होस्ट किए गए इस शो की वह विनर रह चुकी हैं। दिव्या कई म्यूजिक सिंगल्स और वीडियोज में आ चुकी हैं। दिव्या अग्रवाल के गानों को हमेशा दर्शकों से खूब प्यार मिला है। दिव्या अग्रवाल का जन्म 04 दिसम्बर 1992 को सपनो के शहर मुंबई में हुआ। दिया की पढ़ाई के बारे में बात करें तो उनकी शुरूआती पढ़ाई सेंट जेवियर्स हाई स्कूल, मुंबई से हुई है जबकि इसके बाद की पढ़ाई उन्होंने सनापा कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड टेक्नोलॉजी से की है। इन दिनों दिव्या अग्रवाल बॉलीवुड में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। अब दिव्या एक बड़े प्रोडक्शन बैनर के साथ बॉलीवुड में अपना डेब्यू करेंगी। अपने इस नए प्रोजेक्ट के लिए दिव्या ने काफी तैयारी की थी। उसकी शूटिंग फिलवक्त चल रही है और वह अपने डेब्यू को लेकर काफी उत्साहित और खुश हैं।

# 100 करोड़ में बिके फिल्म पठान के ओटीटी राइट्स! अमेजन प्राइम वीडियो पर होगी स्ट्रीम



शाहरुख खान की फिल्म पठान पिछले काफी समय से सुर्खियों में है। फिल्म रिलीज होने से पहले ही विवादों में है। हाल ही में रिलीज हुए फिल्म के दोनों गानों पर लोगों ने सोशल मीडिया पर सवाल खड़े किए। इसी बीच खबर आ रही है कि पठान के ओटीटी राइट्स बिक चुके हैं और इसके लिए निर्माताओं ने ओटीटी प्लेटफॉर्म के साथ 100 करोड़ रुपये की तगड़ी डल की है।

रिपोर्टों के मुताबिक, शाहरुख की फिल्म पठान पर विवाद का कोई असर नहीं पड़ा है। यही वजह है कि इतना बवाल होने के बावजूद इसके ओटीटी राइट्स बिक चुके हैं। यह भारी–भरकम रकम अदा की है स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो ने। बताया जा रहा है कि प्राइम वीडियो ने फिल्म के निर्माताओं को 100 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। अगले साल मार्च के अंत या अप्रैल की शुरुआत में फिल्म ओटीटी पर स्ट्रीम हो सकती है।

पठान लगभग 250 करोड़ रुपये के बजट में बन रही है। ऐसे में रिलीज से पहले ही इस फिल्म ने अच्छी–खासी कमाई कर ली है। फिल्म के राइट्स 100 करोड़ में बिके हैं। इस हिसाब से रिलीज से पहले ही यह अपना आधा बजट निकाल चुकी है। बता दें कि शाहरुख की फिल्म जवान के ओटीटी राइट्स भी 100 करोड़ रुपये में बिके हैं। उनकी यह फिल्म भी सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। सोशल मीडिया पर कई बार बायकॉट पठान ट्रेंड हो चुका है। हाल ही फिल्म के गाने बेशरम रंग को लेकर विवाद हुआ। दरअसल, गाने में दीपिका पादुकोण ने भगवा रंग की बिकनी पहनी है। विरोध करने वालों का कहना है कि भगवा जैसे पवित्र रंग का प्रयोग बिकनी के लिए करना स्वीकार नहीं किया जाएगा। कई राज्यों में फिल्म की रिलीज को रोकने की भी बात की जा रही है। पठान अगले साल 25 जनवरी को रिलीज हो रही है। शाहरुख पठान के सिवा फिल्म जवान में नजर आएंगे, जो साउथ के मशहूर निर्देशक एटली के निर्देशन में बन रही है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com